

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 3 अक्टूबर 2023 ■ आश्विन कृष्ण पक्ष-4 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-186 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 04 अक्टूबर 2023 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

# नगरनार स्टील प्लांट बस्तर के लोगों का : मोदी



जगदलपुर ,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ प्रवास के तहत जगदलपुर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया, जिसमें नगरनार में एनएमडीसी स्टील लिमिटेड का स्टील प्लांट भी शामिल है। इस मौके पर पीएम मोदी ने कहा, ÷विकसित भारत का सपना तब सिद्ध होगा जब हर प्रदेश, हर जिला, हर गांव विकसित हो। विकसित भारत के लिए फिज़िकल, डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर भी भविष्य की ज़रूरतों के अनुरूप होना चाहिए। यही वजह है कि हमारी सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर पर होने वाले खर्चे को बढ़ाकर इस साल 10 लाख करोड़ कर दिया है। पीएम मोदी जगदलपुर के लालबाग मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज राज्य में रेलवे की कई बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, आजादी के इतने वर्षों में भी ताड़ोकी को रेलवे के नक्शे को जगह नहीं मिली थी लेकिन आज ताड़ोकी को नई रेल लाइन की सौगात मिल रही है। इससे आदिवासी साथियों को सुविधा मिलेगी। रेलवे की ये सभी परियोजनाएं इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करेंगी। जगदलपुर के लालबाग मैदान में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कांग्रेस ने सिर्फ 5 साल में छत्तीसगढ़ की जो हालत की है उसे पूरा देश देख रहा है। इनके विधायकों और मंत्रियों ने जो कारनामे किए हैं उससे हर कोई त्रस्त है। छत्तीसगढ़ में अपराध चरम पर है, हत्याओं के मामले में छत्तीसगढ़ अग्रणी राज्य की श्रेणी में पहुंच गया है, कभी-कभी तो लगता है कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में आपराधिक मामलों में स्पर्धा चल रही है। पीएम मोदी ने कहा, ÷छत्तीसगढ़ में विकास या तो कांग्रेस के पोस्टर-बैनर में दिखता है या यहां के नेताओं की तिजोरी में दिखता है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को अगर कुछ दिया है तो वह है झूठा प्रचार और घोटालेबाज सरकार। इसलिए आज छत्तीसदढ़ के कोने-कोने से आवाज़ आ रही है- और नहीं साहिबो, बदल के रहिबो। रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस की तुलना में भाजपा सरकार 5 गुना ज्यादा बजट देती है। भाजपा सरकार ने ही 15 नवंबर यानी भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिन को जनजातीय दिवस घोषित किया। हमने जनजातीय वर्ग के छात्रों को दी जा रही छात्रवृत्ति को भी ढाई गुना कर दिया है। पीएम मोदी ने कहा, आज यहां बहुत बड़े और देश के आधुनिकतम स्टील कारखाने का लोकार्पण हुआ है... इतना बड़ा कार्यक्रम था लेकिन छत्तीसगढ़ के एक भी मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री नहीं आए... इनके न आने के पीछे दो कारण है- 1) उन्हें अपनी सरकार जाने की इतनी चिंता है कि उनके पास यहां आने का समय नहीं है, सरकार बचाने में लगे हैं और 2) उन्हें पता है कि कोई आकंठ भ्रष्टाचारी मोदी से आंख नहीं मिला सकता है। मोदी ने कहा, कल से कांग्रेस ने एक अलग राग अलापना शुरू कर दिया है, ये कहते हैं जितनी आबादी, उतना हक। मैं कहता हूं इस देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब है इसलिए गरीब क्लायण ही मेरा मकसद है।

मोदी ने कहा, ये (कांग्रेस सरकार) झूठी बातें फैलाकर को स्टील प्लांट पर कब्जा करना चाहते हैं और इसके जरिए मोटी कमाई करना चाहते हैं... स्टील प्लांट बस्तर के लोगों का है। मैं किसी भी कांग्रेस नेता को इस स्टील प्लांट का मालिक नहीं बनने दूंगा। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ प्रवास के तहत सुबह 11 बजे जगदलपुर पहुंचे। पीएम मोदी सबसे पहले जगदलपुर एयरपोर्ट से मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजन-अर्चन कर माता का आशीर्वाद लिया। इस दौरान वे नगरनार स्टील प्लांट देश को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



**जगदलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ प्रवास के तहत मंगलवार सुबह 11 बजे जगदलपुर पहुंचे। पीएम मोदी सबसे पहले जगदलपुर एयरपोर्ट से मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन और पूजन-अर्चन कर माता का आशीर्वाद लिया।

## रेलों के अनियमित चालन, रद्द होने पर सीएम बघेल ने लिखी पीएम को चिट्ठी

रायपुर,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़



ट्रेनों के अनियमित चालन, कभी भी निरस्त किये जाने और पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया लिये जाने जैसी दिक्कतों से आम जनता को हो रही परेशानी के संबंध में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि रेलवे प्रशासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य से गुजरने वाली अनेक लम्बी दूरी की ट्रेनों तथा स्थानीय यात्री ट्रेनों को विगत लम्बी अवधि से बिना किसी पूर्व सूचना एवं औचित्य पूर्ण कारण के निरस्त करने की कार्यवाही की जा रही है। शेष ट्रेनों के भी अत्यधिक विलम्ब से चलने के कारण राज्य के लाखों ट्रेन यात्रियों के मन में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रेलवे प्रशासन एवं केन्द्र सरकार से अनेक बार अनुरोध करने के बाद भी हालात में कोई सुधार नहीं हो रहा है। व्यापक जनहित के इस विषय पर केन्द्र सरकार की उदासीनता से जनमानस अत्यधिक उद्वेलित है। उन्होंने लिखा कि यात्री ट्रेनों के अव्यवस्थित संचालन का मुख्य कारण राज्य के खनिजों की अन्य राज्यों को ले जाने वाली माल गाड़ियों की संख्या में वृद्धि होना तथा परिचालन में उन्हें यात्री ट्रेनों की तुलना में प्राथमिकता दिया जाना है। यात्रियों के असंतोष का एक अन्य कारण यह भी है कि रेलवे द्वारा पैसेंजर ट्रेनों के यात्रियों से भी एक्सप्रेस ट्रेन का किराया वसूला जा रहा है। यात्री ट्रेनों के परिचालन में ऐसी अव्यवस्था तथा अराजकता देश के अन्य किसी प्रदेश में नहीं है। प्रदेश के इतने गंभीर मामले का इसने समय से हल नहीं निकलने से राज्य की जनता में आक्रोश एवं असंतोष बढ़ता जा रहा है। बघेल ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि राज्य की जनता की पीड़ा के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए बिना किसी और विलम्ब के सभी यात्री ट्रेनों का परिचालन पूर्ववत आरंभ करने तथा ट्रेनों की घंटों लेट लतीफी पर रोक लगाने हेतु रेलवे मंत्रालय को आवश्यक निर्देश प्रदान किया जाए, जिससे कि जनता के व्यापक असंतोष एवं आन्दोलन को समाप्त किया जा सके।

## राहुल गांधी ने शेयर किया मोहब्बत वाली ट्रेन यात्रा का वीडियो

रायपुर ,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़




राहुल गांधी ने बिलासपुर से रायपुर तक किए ट्रेन सफर का वीडियो शेयर किया है, और बताया कि बिलासपुर से रायपुर तक छोटी सी रेल यात्रा में दिखी भारत की झलक ! करोड़ों लोगों को मंज़िलों तक पहुंचाती, देश की विविधता को दर्शाती - सही मायने में भारत का प्रतिबिंब है, भारतीय रेल। बता दें की बीते दिनों छत्तीसगढ़ दौरे पर पहुंचे कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने ट्रेन में सफर किया था। इस दौरान पैसेंजर्स से उनकी समस्याओं पर बात भी की। राहुल ने ट्रेन में मौजूद महिला हॉकी खिलाड़ियों से बात की। उनकी ट्रेनिंग और उनको मिल रही सुविधाओं के बारे में भी पूछा। बिलासपुर में हुए कांग्रेस के आवास सम्मेलन में शामिल होने के बाद राहुल बिलासपुर से इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार हुए थे। वे शाम करीब पौने छह बजे रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान ट्रेन में उनके साथ भूपेश बघेल और प्रभारी कुमारी सैलजा भी थीं।

### सीएम बघेल ने किया स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना का शुभारंभ

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को स्वामी आत्मानंद कोचिंग का शुभारंभ किया। इंजीनियरिंग- मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थी निश्शुल्क तैयारी कर सकेंगे। मुख्यमंत्री बघेल ने सुबह 11 बजे अपने निवास कार्यालय से मुख्यमंत्री आनलाइन योजना की शुरुआत की। इस योजना में ख्याति प्राप्त एलन करियर इंस्टिट्यूट ने सीएसआर के तहत निश्शुल्क कोचिंग देने को सहमति दी है। संस्थान और स्कूल शिक्षा विभाग के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर भी होगा। प्रदेश के कक्षा दसवीं में 60 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी और कक्षा 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों को कोचिंग दी जाएगी।

## नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में बस्तर बंद

### सर्व आदिवासी समाज को मिला कांग्रेस का समर्थन



जगदलपुर/भानुप्रतापपुर/सुकमा

नगरनार स्थित एनएमडीसी स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने आज एक दिवसीय बस्तर बंद का आह्वान किया है. कांग्रेस समर्थित इस बंद का असर संभाग के भानुप्रतापपुर-सुकमा सहित संभाग के अनेक शहरी इलाकों में देखा जा रहा है, जहां व्यापारिक प्रतिष्ठान सुबह से बंद है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज जगदलपुर के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान 23,800 करोड़ की लागत से निर्मित नगरनार स्थित एनएमडीसी के स्टील प्लांट को देश को समर्पित करेंगे. इस दौरान स्टील प्लांट के निजीकरण के विरोध में आहूत एक दिवसीय बस्तर बंद का असर देखने को मिल रहा है. भानुप्रतापपुर के शहरी इलाके के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्र के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान सुबह से पूरी तरह बंद है. हालांकि, वाहनों का आवागमन जारी है. भारतीय जनता पार्टी ने इसे प्रधानमंत्री मोदी की सभा को प्रभावित करने का प्रयास बताया है, वहीं भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री के आगमन से कांग्रेस पार्टी को कोई लेना-देना नहीं है. यह एक संयोग है कि आज ही के दिन प्रधानमंत्री का बस्तर आगमन हो रहा है. हम नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण का विरोध कर रहे हैं.

## ऑनलाइन पोर्टल न्यूज़क्लिक के 30 ठिकानों पर दिल्ली पुलिस की ताबड़तोड़ छापेमारी से हड़कंप

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** ऑनलाइन पोर्टल न्यूजक्लिक पर ताबड़तोड़ एक्शन से हड़कंप मचा हुआ है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मंगलवार की सुबह न्यूजक्लिक से जुड़े 30 ठिकानों पर छापेमारी की है। इसके तहत न्यूजक्लिक के कार्यालय के अलावा कुछ पत्रकारों के घर पर भी छापेमारी हुई है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय ने फंडिंग को लेकर फर्म के ठिकानों पर छापेमारी की थी। अब केंद्रीय एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर स्पेशल सेल मीडिया फर्म पर छापेमारी कर रही है। स्पेशल सेल ने नया केस दर्ज किया है और यह ताजा छापेमारी इस केस की जांच के सिलसिले में हुई है। इस मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि पुलिस ने न्यूजक्लिक के कुछ पत्रकारों के लैपटॉप और मोबाइल फोन से डंप डेटा बरामद किये हैं। पत्रकार अभिसार शर्मा और उर्मिलेश को लोधी रोड स्पेशल सेल के दफ्तर में लाया गया है। हालांकि, अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। अभिसार शर्मा से नोएडा एक्सटेंशन में स्थित उनके घर पर पहले पूछताछ की गई थी और उसके बाद स्पेशल सेल की टीम उन्हें साथ लेकर गई है। स्पेशल सेल की टीम सुबह जब पत्रकार अभिसार शर्मा के घर पहुंची तब टीम ने पत्रकार का मोबाइल फोन और लैपटॉप जब्त कर लिया। दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों का कहना है कि 17 अगस्त को यूएपीए और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। इसी केस में अब छापेमारी की कार्रवाई हुई है। इस मामले में यूएपीए के अलावा आईपीसी की धारा 153 (दो ग्रुपों के बीच नफरत पैदा करना)और 120बी (आपराधिक साजिश)के तहत केस दर्ज किया गया है। हिरासत में लिए जाने से पहले अभिसार शर्मा ने एक्स पर लिखा, 'पुलिस मेरे घर पर आई और मेरा लैपटॉप और फोन ले लिया।' एक अन्य पत्रकार भाषा सिंह ने भी 'एक्स' पर लिखा, ÷अंतत~ मेरे फोन से आखिरी ट्वीट। दिल्ली पुलिस मेरा फोन जब्त कर रही है। इधर छापेमारी को लेकर प्रेस क्लब ऑफ इंडिया ने एक्स पर कहा, 'न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों और लेखकों के घर पर हुई छापेमारी बेहद चिंतानजक है।

### विश्व कप क्रिकेट-2023 : खिलाड़ियों के साथ विदेशी मेहमानों का करें सम्मान

## आयोजन की सफलता बढ़ायेगी देश की प्रतिष्ठा

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

1983 में कपिल देव के नेतृत्व वाली भारतीय क्रिकेट टीम ने 1975, 1979 में लगातार दो बार विश्व कप क्रिकेट जीतने वाली वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम को पछाड़ दिया। क्रिकेट खेल के इतिहास का यह  भारत के नौजवानों के लिए टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ। सच मायने में इसके पश्चत ही दक्षिण एशियाई देश भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका पर विश्व कप क्रिकेट के आयोजनकर्ताओं की नजर पड़ी और अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को इस अंचल में विश्व कप क्रिकेट के आयोजन की दिशा में सोच जागृत हुई। 1983 में क्रिकेट का सिरमौर बनने से एक और बात स्पष्ट हो गई कि भारत में क्रिकेट जन-जन का विशेषकर युवाओं का अपना खेल हो गया। रही सही कसर को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने भारत में 1987 के चौथे विश्व कप क्रिकेट को आयोजित करके पूरा कर दिया। फिर रंगीन टेलीविजन से सीधे प्रसारण ने क्रिकेट में धन कमाने के नये विचार ने जन्म लिया। इस प्रकार भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता ने जड़ पकड़ना आरंभ किया। 1975 से 1982 के दौर में ऐसा माना जाता था कि विश्व कप क्रिकेट के आयोजन के लिए सिर्फ और सिर्फ इंग्लैंड या यूनाईटेड किंगडम तथा आस्ट्रेलिया में ही पर्याप्त मैदान, होटल आदि हैं। 1987 के रिलायंस कप के नाम से सम्पन्न चौथे विश्व कप क्रिकेट ने इस बात की गलतफहमी को दूर कर दिया कि भारत में अच्छे मैदान आवास, परिवहन, खान-पान की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके पश्चात सीमित ओवर के इस एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा को भारत ने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा और 2011 में एक बार फिर से भारत, श्रीलंका तथा बांग्लादेश में इस चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। हमारे देश में क्रिकेट की दीवानगी को बढ़ाने क्रिकेट के नये प्रारूप टी-20 स्पर्धा ने भी उत्प्रेरक का कार्य किया। 2008 में टी-20 के विश्व कप विजेता बनने और 2008 में ही टी-20 प्रारूप में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) नामक चैंपियनशिप सोने में सुहागा साबित हुआ। भारत में क्रिकेट को गली-मुहल्ले तक पहुंचाने में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पदाधिकारियों का जितना हाथ रहा है उसके बराबर का योगदान प्रसारण अधिकार खरीदने वालों, क्रिकेट आंकड़ेबाजों तथा खिलाड़ियों का भी है। हमारे देश में किसी भी क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के लिए जो सुविधा है उसे देखते हुए 2023 के 13वें संस्करण को सिर्फ भारत में ही कराने का निर्णय लिया गया। यह भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए गौरव की बात है। 1987 में श्रीलंका, पाकिस्तान, 2011 में श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ संयुक्त आयोजन के बाद आईसीसी की नजर में भारत अकेले आयोजन लायक पाया गया है। ऐसी परिस्थिति में हमारे देश के खेलप्रेमियों, मैदान में उपस्थित दर्शकों, विभिन्न टीमों की देखभाल में नियुक्त जिम्मेदारों के समूह आदि पर बड़ी जिम्मेदारी आ गई है कि वे मेहमानों के आवभगत में किसी तरह की कमी न करें। 5 अक्टूबर 2023 से 19 नवम्बर 2023 तक खेले जाने वाले 13वें एकदिवसीय विश्व कप क्रिकेट के आयोजन के दौरान या हार-जीत पर इस बात का ध्यान रखना जरूरी है। इसके साथ ही सभी देशों के खिलाड़ियों के साथ एक समान व्यवहार रखना होगा। मैच के दौरान मैदान में या स्टेडियम के बाहर ऐसी कोई भी हरकत नहीं करनी होगी जिससे आपसी भाईचारे और सौहार्द्र पर आंच न आये। खेलकूद के माध्यम से देश-विदेश के खिलाड़ी एक-दूसरे के नजदीक आते हैं। वे एक दूसरे के व्यवहार, पहिरावा, खान-पान, आचार-विचार से अवगत होते हैं। जब वे लौटकर जाते हैं तो अपने साथ यादें लेकर जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में जिस तरह भारत विश्व के प्रमुख देशों में शामिल हो गया है। हमें उसका ध्यान रखते हुए विश्वकप क्रिकेट के दौरान न सिर्फ विदेशी खिलाड़ी बल्कि खेल अधिकारी या अन्य खेल प्रेमी मेहमान भारत भ्रमण पर आते हैं तो उनका भी पूरा आदर किया जाना चाहिए।

## लवलीना को पेरिस ओलंपिक का कोटा, प्रीति ने कांस्य जीता

**नई दिल्ली,3 अक्टूबर।** विश्व चैम्पियन लवलीना बोरगोहेन (75 किलो) ने एशियाई खेलों में फाइनल में पहुंचकर ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया जबकि युवा मुक्केबाज प्रीति पंवार को 54 किलो सेमीफाइनल मुकाबले में हारने के बाद कांस्य से संतोष करना पड़ा। तोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना ने सेमीफाइनल में एशियाई चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता थाईलैंड की बेसन मानिकोन को सर्वसम्मति से लिये गए फैसले में हराया। लंबे कद का पूरा फायदा उठाते हुए लवलीना ने शानदार मुक्के लगाये। पहले दौर में पिछड़ने के बाद उनकी प्रतिद्वंद्वी ने आखिरी तीन मिनट में वापसी की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। दूसरी ओर ओलंपिक कोटा हासिल कर चुकी प्रीति को मौजूदा फ्लायवेट चैम्पियन चीन की चांग युआन ने 5 . 0 से हराया। पहले तीन मिनट में प्रीति ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए घूंसे बरसाये लेकिन बाद में लय कायम नहीं रख सकी। चीनी खिलाड़ी ने जबर्दस्त आक्रामकता दिखाते हुए उसे कोई मौका नहीं दिया। पहले दौर में पांच में से चार जज ने चीनी खिलाड़ी के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे दौर में प्रीति ने उसका डिफेंस तोड़ने की कोशिश की। प्रीति को सिर के पीछे से मारने पर युआन को चेतावनी भी मिली। उसने आखिरी तीन मिनट में रक्षात्मक खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की।



## संक्षेप

### पुलिस जवान की खून से सनी लाश मिली

**कोरबा ,3 अक्टूबर।** जिले से इस वक्त बड़ी खबर मिल रही है। कलेक्ट्रेट कार्यालय के निर्वाचन शाखा मे तैनात पुलिस जवान ने अपने राइफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। जवान का वेयरहाउस के कमरे में खून से लथपथ शव मिला है। इसकी सूचना मिलते ही सिविल लाइन पुलिस के अलावा डॉग स्क्वाड वह फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार जांजगीर-चांपा जिला के महोदा गांव निवासी ललित सोनवानी की वर्तमान में कोरबा के पुलिस लाइन में तैनाती थी, जहां से उसकी शिफ्ट ड्यूटी कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन शाखा के स्ट्रांग रूम में ईवीएम की सुरक्षा में लगाई जा रही थी। रोज की तरह सोमवार को भी सशस्त्र ड्यूटी पर वहां पहुंचा था। इसके बाद रात 8 बजे की ड्यूटी के लिए दूसरा जवान 15 मिनट पहले वहां पहुंचा तो देखा कि अंदर कमरे में बिस्तर पर ललित सोनवानी का शव पड़ा था, पास ही उसकी इंसास राइफल पड़ी थी। इसकी सूचना पुलिस लाइन व सिविल लाइन थाना में दी इसके बाद पुलिस और निर्वाचन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। किसी तरह की बाहरी घटना न हो इसके जांच के लिए डॉग स्क्वाड व फोरेंसिक एक्सपर्ट की टीम मौके पर पहुंची। परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर पुलिस अधिकारियों ने मामला आत्महत्या के होने की आशंका जाहिर की है। मामले में पुलिस की संयुक्त टीम जांच पड़ताल में जुट गई है।

### देश के 4 राज्यों में भूकंप का जोरदार झटका, रिक्टर स्केल पर 5.2 रही तीव्रता

**कोलकाता,3 अक्टूबर।** पूर्वोत्तर राज्य पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा, असम और मेघालय में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. मेघालय में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.2 दर्ज की गई. नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक मेघालय में शाम 6.15 बजे भूकंप के झटके लगे. रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 मापी गई. वहीं नॉर्थ बंगाल के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. बताया जा रहा है कि सिलीगुड़ी और कूचबिहार में भूकंप आया है. किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. उधर, दार्जिलिंग की पहाड़ियों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. राज्य में सबसे ज्यादा नॉर्थ बंगाल का हिस्सा भूकंप के झटकों की चपेट में आया है.

### यूपी सरकार जल्द शुरू कराए जातीय जनगणनाः मायावती

**लखनऊ,3 अक्टूबर ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के मामले में अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार को अब अपनी नीयत व नीति में जन भावना व जन अपेक्षा के अनुसार सुधार कर जातीय जनगणना अविलम्ब शुरू करा देना चाहिए। बसपा मुखिया मायावती ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बिहार सरकार द्वारा कराए गए जातीय जनगणना के आंकड़े सार्वजनिक होने की खबरें आज काफी सुर्खियों में हैं तथा उस पर गहन चर्चाएं जारी हैं। उन्होंने आगे लिखा कि बीएसपी को प्रसन्नता है कि देश की राजनीति उपेक्षित 'बहुजन समाज' के पक्ष में इस कारण नया करवट ले रही है, जिसका नतीजा है कि एससी/एसटी आरक्षण को निष्क्रिय व निष्प्रभावी बनाने तथा घोर ओबीसी व मंडल विरोधी जातिवादी एवं साम्प्रदायिक दल भी अपने भविष्य के प्रति चिन्तित नजर आने लगे हैं।

## एक नजर

### आदर्श इस्पात ग्राम देवबलोदा में संयंत्र बिरादरी ने चलाया सफाई अभियान



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम चरोदा, भिलाई के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता भारत अभियान-2023 के तहत आदर्श इस्पात ग्राम देवबलोदा में सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर और नगर निगम चरोदा भिलाई की टीम का का विशेष योगदान रहा। इस स्वच्छता अभियान में भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के महाप्रबंधक शिवराजन नायर और नगर निगम चरोदा भिलाई प्रमुख महापौर निर्मल कोसरे समेत आयुक्त अजय त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि यह स्वच्छता अभियान देव बालौदा के प्राचीन शिव मंदिर के समीप स्थित कलशा तालाब में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस मौके पर भिलाई इस्पात संयंत्र की सीएसआर विभाग की ओर से वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, श्रीमती रजनी रजक, बुधेलाल साहू और अंजनी द्विवेदी उपस्थित रहे। इसके अलावा सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण और सफाईकर्मी भी उपस्थित रहे।

### कसौंधन वैश्य समाज के मिलन समारोह में तीज क्वीन प्रीति व रोशनी चुनी गईं



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** कसौंधन वैश्य समाज महिला मंडल भिलाई के तत्वाधान में तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीज क्वीन दो ग्रुप में किया गया। ग्रुप ए तीज क्वीन रोशनी नितिन गुप्ता, सोनम अतुल गुप्ता फर्स्ट रनरअप, रंजना नीरज गुप्ता सेकेंड रनरअप रही। ग्रुप बी में तीज क्वीन प्रीति विनय गुप्ता, रीना शारदा गुप्ता फर्स्ट रनरअप, रीता अखिलेश गुप्ता सेकेंड रनरअप रही। मुख्य अतिथि डॉ शरुतिका ताम्रकार यादव और स्वीटी कौशिक थीं। संचालन श्रीमती नेहा गुप्ता ने किया। महिला अध्यक्ष श्रीमती नीतू बालचंद गुप्ता और महिला सचिव श्रीमती अल्का सुनील गुप्ता, कोषाध्यक्ष नेहा गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया।

### भेलवा तालाब में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**भिलाई, 3 अक्टूबर।** स्मृति नगर चौकी क्षेत्र भेलवा तालाब में डूबने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। तालाब से शव को बाहर निकाला गया। पंचनामा कर शव को सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के मरच्युरी में रखवा दिया है।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, मतदान के लिए किया प्रेरित भी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,3 अक्टूबर।** जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 1 अक्टूबर अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर एवं स्वीप कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं के लिए सम्मान समारोह एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन पीजी कॉलेज के अडॉटेरियम में हुआ। कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण तिवारी, चीफ लीगल एड डिफेन्स कौशिल सिस्टम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला कबीरधाम थे। तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत् जिला पंचायत कबीरधाम से श्री विनित दास, सहायक प्रचार-प्रसार अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम उपस्थित थे।कार्यक्रम आयोजन का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान जनक वातावरण विकसीत करने, उन्हे शासन द्वारा प्रदत्त अधिकारों के प्रति जागरूक करने तथा, युवा पीढ़ी में अपने वृद्ध माता-पिता के प्रति सकरात्मक सोंच विकसीत करना है। तथा 80आयु पुर्ण कर चुके वरिष्ठ नगरिक मतदाताओं को उनके मतदान के महत्व को बताने हेतु जागरूकता लाना है।कार्यक्रम के दौरान श्रीमति अभिलाषा पण्डा, उपसंचालक, समाज कल्याण, जिला कबीरधाम, देवकुमार कौशिक, अधीक्षक, शा.दृ.एवं.श्र.बधि.वि.कवर्धा, अजित तिर्की, समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत स.लोहारा, पद्मराज शर्मा, प्र. समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत बोड़ला, जागुराम पटेल, प्र.समाज शिक्षा संगठक, जनपद पंचायत पण्डरिया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रतिनिधि के रूप श्री योगेन्द्र सिंह गहरवार, तरूण सिंह ठाकुर, श्रीमति प्रभा गहरवार उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लक्ष्मी नारायण तिवारी एवं कार्यक्रम नें उपस्थित 80 आयुवर्ग पूर्ण कर चुके वरिष्ठ नागरिकों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं राज्य गीत का गायन किया गया। तत्पश्चात श्रीमति मति अभिलाषा पण्डा, उपसंचालक, समाज कल्याण द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली सुविधाओं एवं लाभ के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। तत्पश्चात जिला पंचायत कबीरधाम से उपस्थित विनित दास, सहा.प्रचार-प्रसार अधिकारी द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिक मतदाताओं को उनके मताधिकार के महत्व एवं वरिष्ठजनों के लिए आयोजित इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के उद्देश्य को विस्तार से बताया गया। मुख्य अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से उपस्थित लक्ष्मी नारायण तिवारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों को माता-पिता वरिष्ठ नगरिकों का भरण-पोषण अधिनियम 2007, नियम 2009 तथा वरिष्ठ जनों को मिलने वाली अन्य विधिक सहायताओ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अगली कड़ी में वृद्धाश्रम से उपस्थित वृद्धजन नाथूराम निषाद नें माँ दुर्गा जी का जसगीत का मधुर गायन कर कार्यक्रम में उपस्थित समस्त वृद्धजनों का मन मोह लिया। अगली कड़ी में फूल माला, श्रीफल एवं साल देते हुए उपस्थित समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया । संचालन दुर्गेश पाण्डेय, संकुल समन्वयक, वि.ख.कवर्धा द्वारा किया गया।

## निरीक्षक भूषण एक्का की उप पुलिस अधीक्षक के पद पर हुई पदोन्नति



**कवर्धा,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गृह (पुलिस) विभाग मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर रायपुर के आदेश अनुसार राज्य शासन एतद् द्वारा दिनांक-04.09.2023 को आयोजित विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक में समिति द्वारा योग्यता अनुसार पदोन्नति सूची 2023 जारी किया गया है। जिसमें कबीरधाम जिले के निरीक्षक भूषण एक्का का निरीक्षक के पद से उप. पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया है। जिन्हें आज दिनांक-02.10.2023 को कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निरीक्षक भूषण एक्का के कंधे पर लगे रिबन को काट, कैप लगाकर उप. पुलिस अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया है। जिसके पश्चात पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज राजनदगाँव के आदेशानुसार पदोन्नति हेतु जारी योग्यता सूची वर्ष 2023 में जिला पुलिस कबीरधाम के प्रधान आरक्षक का सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति, हेतु योग्यता सूची जारी की गई है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रधान आरक्षक रविंद्र शर्मा के एक-एक कंधे में स्टाल लगाकर सहायक उप. निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान किया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हरीश राठौर, उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री कौशल किशोर वासनिक, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री पंकज पटेल, एवं जिले के अन्य थाना व चौकी प्रभारी तथा कार्यालयीन अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा पदोन्नत अधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया गया।

# विकास कार्य न होने पर वार्ड के लोगों ने किया चक्का जाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई ।** भिलाई नगर निगम क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 22 में विकास नहीं होने से कोहका कुरुद रोड़ पर वार्ड के लोगों ने चक्काजाम कर दिया कुरूद वार्ड 22 की पार्षद अनिता साहू का आरोप है कि वार्ड में विकास कार्यो को लेकर नगर निगम पक्षपाती रवैया अपना रहा है भिलाई निगम के महापौर केवल उन्ही वार्डो में विकास कार्य करवा रहे हैं जहां कांग्रेस के पार्षद हैं वार्ड में विकास कार्य नहीं होने से वार्ड के लोगों में भी नाराजगी दिखी और सभी रुंगटा के पास बीच सड़क पर बैठ गए सूचना मिलने के बाद जोन कमिश्नर मौके पर पहुंची और समझाइश देने के बाद जाम हटाया गया वार्ड निर्दलीय पार्षद अनिता साहू ने बताया कि जब निगम की नई सरकार बनी है तब से कुरूद वार्ड 22 में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ है। पुरानी बस्ती से लेकर सुंदरविहार कॉलोनी तक सड़कों का आभाव है कई जगह सड़के नहीं है जो बारिश के कारण कीचड़ में तब्दील है। वार्ड की कॉलोनियों में पानी निकासी के लिए नालियों का आभाव है। प्रपोजल भेजने के बाद भी कार्यो की स्वीकृति नहीं हुई है पार्षद का आरोप है कि जिन वार्डो में कांग्रेस के पार्षद हैं उन वार्डो में कार्य हो रहे हैं और जहां निर्दलीय व भाजपा के पार्षद हैं उन वार्डो में भेदभाव पूर्ण कार्य हो रहा है। पार्षद ने कहा कि यदि वार्ड 22 में विकास कार्यो की स्वीकृति नहीं मिलती तो आगे जाकर और आंदोलन किया जाएगा करीब 2 घंटा तक जाम रहा -वार्ड पार्षद की अगुवाई में वार्ड के लोगों ने करीब आधं घंटे तक सड़क को जाम कर दिया। इस दौरान बीच सड़क पर बैठकर नारेबाजी करते रहे। सूचना के बाद मौके पर जामुल टीआई याकुब मेनन दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस के साथ हल्की झूमा झटकी भी हुई। इस दौरान वार्ड पार्षद व लोग जिम्मेदार अफसर के बुलाने की जिद करने लगे मौके पर तहसीलदार भी पहुंच गए लेकिन लोगों ने उनकी भी नहीं सुनी। इसके बाद जोन कमीश्नर ईशा लहरे मोके पर पहुंची और उन्हें समझाइश दी 50 लाख की हुई है स्वीकृति जोन क्रमांक - 2 कमिश्नर, निशा लहरे ने बताया कि पिछले दिनों भेंट के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी वार्डो के लिए विकास राशि मंजूर की है। कुरूद वार्ड 22 के लिए भी 50 लाख की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने बताया कि 25 लाख रुपए के कार्यो का वर्क ऑर्डर जारी किय जा रहा है वार्ड में जरूरत व मांग के अनुसार सभी कार्य कराए जाएंगे

### अकबर ने जलाशय नहर पुनर्नवीनीकरण कार्य का शिलान्यास और चेक डेम का लोकार्पण किया

**कवर्धा,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास, पर्यावरण, विधि विधायी तथा जलवायु परिवर्तन मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी जन्म दिवस 2 अक्टूबर को सुराजी गांव के सपनें को साकार करने की दिशा में काम करते हुए जन आकांक्षाओं के अनुरूप विकास कार्यों की सौगात दी। केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने आदिवासी, बैगा बाहुल्य बोड़ला विकासखण्ड के सुदूर वनांचल क्षेत्र में सिंचाई क्षमता की विकास के लिए ग्राम छुही में 2 करोड़ 9 लाख 44 हजार रूपए की लागत से जलाशय नहर का पुर्ननवीनीकरण कार्य का शिलान्यास और ग्राम घोठा में नवनिर्मित चेक डेम का लोकार्पण किया। मंत्री श्री अकबर ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। छुही वनांचल क्षेत्र में सिचाई विस्तार के क्षेत्र में काम होने से पूरे वनांचल क्षेत्र में हर्ष का माहौल बना हुआ है। इस क्षेत्र की यह वर्षों पुरानी मांग थी, जो कैबिनेट मंत्री श्री अकबर के प्रयासों से पूरा हो रहा है। श्री अकबर आज सोमवार को जिले के प्रवास पर थे। इस अवसर पर राज्य क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, होरी साहू, जिला पंचायत सदस्य मुखीराम मरकाम, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा राम साहू, पीताम्बर वर्मा, सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं हजारो की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** भारतीय जूडो महासंघ के तत्वाधान में राजस्थान जूडो संघ द्वारा राष्ट्रीय सीनियर जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 1 से 5 अक्टूबर तक सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में ही 37वीं राष्ट्रीय खेल गोवा हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जावेगा। प्रदेश जूडो संघ के खिलाड़ी भी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। पुरुष खिलाड़ियों की सूची- ओनेश कुडियाम -60 किलो वर्ग , बीजापुर, हर्ष दुबे -66 किलो वर्ग, दुर्ग, प्रियांशु नेताम -73 किलो वर्ग, भिलाई, राहुल कुमार-81 किलो वर्ग , भिलाई, अभिषेक जायसवाल -90 किलो वर्ग, बिलासपुर, अनमोल सिंह -100 किलो वर्ग, भिलाई, सुधीर चौहान +100 किलो वर्ग, भिलाई। देवेश राउत - प्रशिक्षक। महिला खिलाडियों की सूची- पूर्णिमा कुमारी-48 किलो वर्ग, भिलाई, तनु रानी साहू -52 किलो वर्ग , भिलाई, हर्षिता प्रसाद -57 किलो वर्ग, भिलाई, दिव्या कुमारी-63 किलो वर्ग, दुर्ग, नंदिनी सिंह-70 किलो वर्ग, दुर्ग, अनुष्ठा मित्तल -78 किलो वर्ग, दुर्ग, स्नेहा नियोगी +78 किलो वर्ग , भिलाई, मधु रानी साहू - प्रशिक्षक। श्रवण शर्मा - प्रबंधक। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय रेफरी अरुण द्विवेदी सहित समस्त पदाधिकारियों एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# गुदड़ी के लाल थे पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री:खण्डेलवाल



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 119वीं जयंती लाल बहादुर शास्त्री पार्क नेहरू नगर पूर्व में मुस्कुराते रहो योग ग्रुप द्वारा हर्षोल्लास के वातावरण मनाई गई। मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर शैलेंद्र खंडेलवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सुप्रसिद्ध उद्योगपति अजीत सिंह उपस्थित थे। अध्यक्षता संरक्षक नरेन्द्र श्रीवास्तव ने किया। संचालन श्रीकांत श्रीवास्तव ने किया। योग प्रशिक्षक शैलेंद्र श्रीवास्तव बी के सिंह, पवन शर्मा, टीटू अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सुभाष घोषाल, श्रीमती मनीष यादव श्रीमती अरुंधति खंडेलवाल श्रीमती रीना सिंह, प्रतीक श्रीवास्तव, श्रीमती रेनू शर्मा, शुभांगी जी, समीर जी, कृष्ण घोषाल, नमिता जी, नीरज अग्रवाल, आशा, चित्रलेखा, हर्षिता, संदीप शिवडेकर, गणेश तहेकर, कृष्ण घोषाल, श्रीमती श्रद्धा प्रधान, श्रीमती पद्मा मिश्रा, श्रीमती निर्मला ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्य अतिथि शैलेंद्र खंडेलवाल ने लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । बी एल असाटी ने कहा कि शास्त्री जी के पदचिन्हों पर चलकर देश प्रगति कर सकता है । मुख्य अतिथि शैलेंद्र खंडेलवाल ने अपने उद्बोधन में शास्त्री जी के द्वारा किए गए प्रयासों का विस्तार से बताया। विनय चंद्राकर ने सैनिक किन कठिन परिस्थितियों में काम करते हैं विस्तार से बताया। आभार प्रदर्शन करते हुए संरक्षक नरेन्द्र श्रीवास्तव ने विधायक निधि से निर्मित होने वाले हाल की जानकारी दी। उन्होंने उन्होंने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं अजीत सिंह उद्योगपति एवं शैलेंद्र श्रीवास्तव योग प्रशिक्षक के द्वारा के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना की। श्रीमती उषा श्रीवास्तव कार्यकारी अध्यक्ष महासचिव सुभाष श्रीवास्तव पूर्व सैनिक कमल किशोर श्रीवास्तव, सामाजिक कार्यकर्ता तरुण श्रीवास्तव विशेष रूप से उपस्थित थे । प्रात~ 10 बजे से लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय सुपेला भिलाई प्रांगण में प्रतिमा के समक्ष पारसनाथ श्रीवास्तव के मुख्य आतिथ्य में शास्त्री जयंती का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि प्रभारी डॉ. एस डी देवांगन, एवं जयश्री प्रधान थी।

### महात्मा गांधी के विचारों को याद किया शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने




**भिलाई, 3 अक्टूबर।** श्रद्धा मांटेसरी इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल खुर्सीपार में महात्मा गांधी की जयंती पर स्वच्छता, श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महात्मा गांधी के छाया चित्र पर प्राचार्य, श्रीमती राधा चतुर्वेदी एवं सचिव राधा रमण चौबे द्वारा धूप दीप दिखाया गया एवं माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों एस के पाण्डेय, कन्नावरम, सुभद्रा निषाद, प्रीति शुक्ला, वर्षा यादव, महेश्वरी, नीला पाण्डेय, राज्य लक्ष्मी, जयललिता, सोहनी, संगीता शुक्ला, उदासीनी, इन्दुमती, मीना, सिरिशा, भूमिका, अंजली, तानिया सभी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। संचालन हेमंत कुमार त्रिपाठी, शिव चौधरी ने किया ।

### कबीरधाम जिले के गन्ना किसानों के खातों में राशि अंतरित

**कवर्धा,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा कबीरधाम जिले के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कार्यक्षेत्र के गन्ना किसानों को देय प्रोत्साहन राशि 18.39 करोड़ रुपए का किया गया भुगतान जारी किया गया है। तिहारी सीजन में प्रोत्साहन राशि मिलने किसानों के चेहरे में खुशियां देखी जा रही है।भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के एमडी श्री भूपेंद्र ठाकुर ने बताया कि भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा के गन्ना किसानों को बड़ी राहत देते हुए त्योहारों के सीजन में पेराई सीजन 2022-23 के लिए राज्य शासन द्वारा घोषित गन्ना प्रोत्साहन राशि 18.39 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा द्वारा गन्ना मूल्य राशि 97.85 करोड़ रुपए एवं अतिरिक्त रिकव्हरी राशि 29.72 करोड़ रुपए का भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। त्योहारी के सीजन में गन्ना किसानों को प्रोत्साहन राशि मिलने से गन्ना किसान उत्साहित नजर आ रहे है। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा क्षेत्र के कृषकों के लिए वरदान साबित हो रहा है। गन्ना मूल्य राशि, अतिरिक्त रिकव्हरी राशि तथा गन्ना प्रोत्साहन राशि का भुगतान कर क्षेत्र के आर्थिक उन्नति में विषेष योगदान प्रदान किया है। जिसके कारण कार्यक्षेत्र के किसानों के द्वारा गन्ना फसल के प्रति रुझान बढ़ा है।



# स्वच्छता पखवाड़े में नगर पंचायत पाटन में चलाया गया अभियान



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने के लिए एक जन आंदोलन को तेज करके स्वच्छता के मुद्दों, प्रथाओं और स्वच्छ भारत क्लीन इंडिया के दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित करना है। भारत सरकार की स्वच्छ भारत पहल के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र ने नगर सेवाएं विभाग, सी एस आर विभाग, खदान विभाग, संयंत्र बिरादरी और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 01 अक्टूबर, 2023 को महात्मा गांधी की 154 वीं जयंती मनाने के एक दिन पूर्व नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर क्षेत्र में मुख्य रूप से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके साथ ही संयंत्र के जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र, सेक्टर 9 सी एस आर विभाग द्वारा देवबलोदा चरोदा में, दल्ली राजहरा खदान क्षेत्र में राजहरा बाबा के मंदिर से स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता ही सेवा की शुरुआत की। इस्पात नगरी भिलाई में इस अवसर पर इस्पात बिरादरी के सदस्यों, उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों, संयंत्र कर्मियों, सफाई कर्मियों एवं आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता की शपथ भी दिलाई गई।

सिविक सेंटर भिलाई में स्वच्छता ही सेवा नेहरू आर्ट गैलरी, सिविक सेंटर, भिलाई में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन नगर सेवाएं विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दासगुप्ता ने इस अवसर झाड़ू लगा कर सफाई और स्वच्छता कर्मियों का सम्मान करते अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निदेशक प्रभारी के साथ कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी एम रवीन्द्रनाथ, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक डी एन करन एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक श्रीमती निशा सोनी भी उपस्थित थीं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने टाउनशिप में स्वच्छता बनाए रखने और डेंगू रोकथाम अभियान में उनके योगदान के लिए नगर सेवाएं विभाग और सभी सफाई कर्मियों को बधाई दी और कहा कि स्वच्छांरांजलि या स्वच्छता की श्रद्धांजलि शायद सबसे अच्छी श्रद्धांजलि है, जिसे हम हमारे राष्टपिता महात्मा गांधी कल उनकी जयंती पर दे सकते हैं। ये कहते हुए सभी सफाई कर्मियों और डेंगू वीर कर्मियों के साथ निदेशक प्रभारी सहित सभी कार्यपालक निदेशक और उच्च प्रबंधन ने सिविक सेंटर में झाड़ू लगा कर महात्मा गांधी को स्वच्छारांजलि अर्पित की।

# सियान सदन के स्थापना दिवस पर दिव्या भसीन ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** सियान सदन वैशालीनगर का 16 वां स्थापना दिवस 2 अक्टूबर गाँधी-शास्त्री जयंती के दिन मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वैशालीनगर के विधायक स्वर्गीय विद्या रतन भसीन की सुपुत्री श्रीमती दिव्या भसीन उपस्थित हुईं। इस अवसर पर वे अपने स्वर्गीय पिताश्री विद्यारतन भसीन को याद कर भावुक हो गयीं। उन्होंने उनकी स्मृति को प्रणाम करते हुए कहा कि वे सियान सदन वैशाली नगर के जीर्णोद्धार की दिशा में प्रयास करेंगी। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद श्रीमती स्मिता डोड़के, वरिष्ठ पदाधिकारी अरविन्द जैन, पुरुषोत्तम साहू, राधेश्याम प्रसाद, शंकर लाल देवांगन, राजपाल सिंह राघव, दिनेश मिश्रा, रामायण मिश्रा, रतनलाल गोयल, पुरोहित जी, पारधी, करमरकर, अम्बिकर, चौहान और अनेक सियांन सदन के सदस्य शामिल हुए। सञ्चालन गजानंद साहू द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियों सहित समस्त वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर भारत लाल मोगरे ने माउथ ऑर्गन से प्रेरक गीत प्रस्तुत किया वहीं रामायण मिश्र ने शास्त्रीजी को समर्पित कविता प्रस्तुत की।

### सरकार ने जनहितैषी नीतियों से लोगों का जीता भरोसा:ताम्रध्वज



**भिलाई, 3 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम नगपुरा से शुरू हुई भरोसा यात्रा में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। यात्रा के दौरान क्षेत्रीय विधायक और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू समेत पार्टी के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जन-जन को अवगत कराया। साथ ही केंद्र सरकार की नाकामियों तथा 15 सालों के रमन सरकार के कुशासन को भी प्रचारित किया। मोटरसाइकिल रैली और भरोसा रथ के माध्यम से आज निकली भरोसा यात्रा में दुर्ग ग्रामीण के हजारों कार्यकर्ताओं शामिल हुए। इस भरोसा यात्रा में प्रमुख रूप से दुर्ग ग्रामीण विधानसभा निर्वाचन प्रभारी झुमुक लाल साहू,महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी जितेन्द्र साहू, अध्यक्ष केश कला शिल्प बोर्ड नंद कुमार सेन,महापौर नगर निगम रिसाली शशि सिन्हा,जिला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव,जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, उपाध्यक्ष श्रम कल्याण मंडल केशव बंटी हरमुख,जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड़,सदस्य कृषि मंडी बोर्ड तारकेश्वर चंद्राकार, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, धर्मेन्द्र बंजारे, यात्रा प्रभारी टिकेश्वरी लाल देशमुख, सभापति केशव बंछोर, ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, विनोद गुप्ता,दीपक साहू, अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रिवेंद्र यादव,सभापति जनपद पंचायत दुर्ग टिकेश्वरी लाल देशमुख, मोहन हरमुख, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद यात्रा,भीषम हिरवान, जोन प्रभारी लोकनाथ साहू,रोहित साहू, हरेंद्र देव,तुलसी देशमुख, नंदकुमार साहू,तारा शर्मा,पिलेश्वर साहू,पुकेश चंद्राकार,प्रशांत पांडे,निरंजन राजपुत,दिवाकर गायकवाड़,डिकेंद्र हिरवानी,राकेश हिरवानी , विकास चंद्राकार सेक्टर प्रभारी गण कैलाश सिन्हा, कमल नारायण,मुकुंद परकार,रविन्द्र सिन्हा,लाल जी गुप्ता,रिझन ठाकुर, भरत निषाद,राजेंद्र ठाकुर,हेमंत देशमुख,मनोज पावर, देवराज समिति के अध्यक्ष गण, नगर निगम रिसाली के पार्षद गण, एल्डरमेन सहित बूथ अध्यक्ष और कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे।

## एक नजर

### प्रकाश महानदी बने जिला सचिव

**डोंगरगढ़ ,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** हाल के दिनों में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भागवत साहू के द्वारा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें शहर के काफ़ी लम्बे समय से युवा ब्रिगेड में काफ़ी सक्रिय भूमिका निभाने वाले मिलनसार व्यक्तित्व के धनी प्रकाश महानदी को जिला सचिव की जिम्मेदारी सौपी गई है। इससे उनके समर्थकों में काफी ज्यादा खुशी का माहौल है। उनको नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने अपने नेता पूर्व मंत्री धनेश पाटील, जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पीसीसी महामंत्री थानेश्वर पाटीला, ब्लॉक अध्यक्ष संजीव गोमास्ता, पार्षद शिव निषाद के साथ प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह का आभार जताया।



### 20 लाख की लागत से बनेगा सर्व आदिवासी समाज का भवन

**छुरिया,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** जिले के खुज्जी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले शहीद ग्राम बादराटोला में जल्द ही सर्व आदिवासी समाज का भवन निर्माण शुरु होने वाला है। आज जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज भाई ने समाज के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ समाजिक भवन के लिए भूमिपूजन किया । ज्ञात हो बैंक



अध्यक्ष के प्रयासों से ही समाज को माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी से 20 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इसी कड़ी में आज खुज्जी विस के शहीद ग्राम बदराटोला में सर्व आदिवासी समाज का भवन के लिए भूमिपूजन किया । इस अवसर पर पूर्व विधायक भोलाराम साहु,गिरधारी लाल साहु ,लादूराम तुमरेकी जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष हरिराम पूजेरी,क्षेत्रीय अध्यक्ष इंद्र कुमार चंद्रवंशी,जिला जिला महामंत्री नरेश शुक्ला,उर्मिला साहु, अग्नू राम,शरद चंद्राकर, राम साहु,रामगुलाल गावड़े,हिरेंद्र साहु,लक्ष्मी नारायण,कामता साहु, उदे राम कंवर, ढाल सिंग मंडावी,पार्वती साहु,गुहरी राम कुंजाम,शोभा राम साहु, उषा बाई चंद्रवंशी,कुमारी बाई वामन,गिरीश सोनवानी,तुकाराम राम श्याम,हेमंत कौशल, रेवा राम यादव,दयाराम कौशल,चित्ररेखा साहु,सर्व आदिवासी समाज एवं बादराटोला के सभी ग्रामवासी उपस्थित थे।

### 10 गैस सिलेण्डर चोरी करने वाले गिरफ्तार

राजनांदगांव **,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** थाना बसंतपुर में प्रार्थी द्वारा लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 21.09.2023 को प्रार्थी के घर के बरामदा सीढ़ी के नीचे में रखे एचपी गैस टंकी भरी हुई को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले




गया था तथा पुनः उसी स्थान से दिनांक 26.09.2023 को 01 नग बरामदा सीढ़ी के नीचे में रखे एचपी गैस टंकी भरी हुई कीमती करीबन 5000 रूपये को अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 513/2023 धारा 454, 380 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। उसी प्रकार प्रार्थी जयनारायण साटिया द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 25.09.2023 को घर के बरामदा में तुलसी चौरा के पीछे में रखे 01 नग भरी हुई इण्डेन गैस टंकी को कोई अज्ञात चोर के द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में आवेदन पेश किया है जो अज्ञात चोर के द्वारा प्रार्थी के घर के अंदर से 01 नग इण्डेन गैस सिलेण्डर भरी इुई कीमती 3,000 रूपये को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 514/2023 धारा 454, 380 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### 5-जी सेवाएँ अब देश के सभी जिलों में उपलब्ध

**रायपुर,3 अक्टूबर।** एयरटेल 5जी प्लस के लॉन्च के 1 साल के भीतर, भारत के अग्रणी दूरसंचार सेवा प्रदाता में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा की कि उसके नेटवर्क पर 50 मिलियन से अधिक अद्वितीय 5जी ग्राहक हैं। कंपनी ने यह भी घोषणा की कि एयरटेल 5जी प्लस सेवाएं देश के सभी जिलों में उपलब्ध हैं। बिहार के सुंदर बलिया से लेकर ओडिशा के ऐतिहासिक कटक तक, झारखंड के सबसे छोटे रामगढ़ जिले से लेकर राजस्थान के वन्यजीव प्रेमियों के लिए बिश्नोई भूमि तक, केरल के शांत सराय से लेकर कश्मीर के दलदली गांवों तक, एयरटेल के ग्राहक अब डिजिटल सुपरहाइवे पर हैं, और तेज गति का आनंद ले रहे हैं।

# हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने और संवारने का काम किया है:भूपेश बघेल

**रायपुर,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**



हमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने और संवारने का काम किया हैहमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने और संवारने का काम किया हैहमारी सरकार ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को सहेजने और संवारने का काम किया है

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारी सरकार ने बीते पांच सालों में छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परम्परा, तीज-त्यौहारों को संरक्षित एवं संवर्धित करने का काम किया है। छत्तीसगढ़ी तीज-त्यौहारों को लोग आनंद और उत्साह के साथ एकजुट होकर मना सके, इसके लिए हमने राज्य के प्रमुख तीज-त्यौहारों पर सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति एवं परंपरा को बढ़ावा देने का काम किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति हमारी पहचान है। इसको सजाने, संवारने का काम हम सबको मिलकर करना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज दुर्ग जिले के पाटन विकासखंड के ग्राम झीट में आयोजित परिक्षेत्रीय साहू संघ के भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती के अवसर पर नमन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री बघेल और साहू संघ के पदाधिकारियों ने 30 लाख रूपए की लागत से बनने वाले साहू समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को स्मरण करते हुए कहा कि प्रदेश गांधी जी के दिखाये रास्ते पर आगे बढ़ते हुए विकास के नए आयाम गढ़ रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी वर्गों के विकास के लिए काम किया गया है। अधोसंरचना विकास के साथ-साथ पानी, बिजली, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत जरूरतों को पूरा करने का काम भी हमने किया है। श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के लोगों आर्थिक संबल देने के उद्देश्य से अनेक योजनाएं चलायी जा रही हैं, जिससे किसानों, मजदूरों और महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव और खुशहाली आयी है। ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रीपा की स्थापना की गई है। प्रदेश के युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का काम किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश के सभी समाज के लोगों को सामाजिक भवन देने की बड़ी पहल की है। सामाजिक भवन होने से समाज के लोगों को सामाजिक कार्यक्रम के आयोजनों में सहूलियत हो रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्री मोरध्वज साहू, सरपंच ग्राम पंचायत झीट श्रीमती शशिकला सिन्हा, जिला साहू संघ के अध्यक्ष श्री नन्दलाल साहू, परिक्षेत्र साहू संघ झीट के अध्यक्ष कल्याण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेस की भरोसे की यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

- आतिशबाजी के साथ यात्रा का जगह-जगह फुलमालाओं से हुआ अभिनंदन
- सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल, कार, ई-रिक्शा के साथ कांग्रेसी हुए शामिल
- राजनांदगांव विधानसभा में निकली यात्रा में युवाओं, महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही

**राजनांदगांव ,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर आज 02 अक्टूबर को पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र में एक दिवसीय कांग्रेस भरोसा यात्रा का आगाज किया गया। इसी तारतम्य में राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी पूर्व सांसद पीआर खुंटे, विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा तथा जिला अध्यक्षद्वय कुलबीर सिंह छाबड़ा, भागवत साहू तथा निगम मंडल आयोग के पदाधिकारियों महापौर तथा वरिष्ठ कांग्रेसजनों की अगुवाई में विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली गई।

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि यात्रा से पूर्व कांग्रेस भवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी सभा आयोजित कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के निर्देशानुसार पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस भरोसे की यात्रा निकाली गई। इसी तारतम्य में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के कुशल नेतृत्व में जयस्तंभ चौक से भारत माता के



जयघोष के साथ भरोसा यात्रा खुली जीप के साथ भारी संख्या में मोटर साइकिल, कार, ई-रिक्शा में सवार होकर निकली जो मानव मंदिर चौक पहुंचने पर भव्य आतिशबाजी के साथ यात्रा का स्वागत किया इसके बाद यात्रा सिनेमा लाइन होते हुए भारत माता चौक होते हुए गंज चौक से पुराने बस स्टैण्ड पहुंचकर पूज्य बापू महात्मा गांधी जी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी कांग्रेसजनों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर यात्रा आगे बढ़ी। जो गौरीशंकर पेट्रोल पंप से इमाम चौक पर नुक्कड़ सभा आयोजित कर प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। तत्पश्चात यात्रा चिखली की ओर रवाना हुई जो चिखली चौक पर आमसभा आयोजित कर जुमलेबाजी भाजपा नेताओं पर तीखा प्रहार किया। इसके बाद यात्रा गठुला चौक पर कांग्रेस के पौने पांच साल कांग्रेस सरकार के कामकाज का बखान किया। तत्पश्चात यात्रा भेड़ीकला, पारीकला, सुंदरा, मनकी, तोरनकट्टा, खैरा होते हुए भर्रेगांव में आमसभा के रूप में परिवर्तित होकर यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान ग्रामीणों व कांग्रेसजनों द्वारा फुलमालाओं से यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं पर बैनर, पोस्टर पाम्पलेट द्वारा कांग्रेस सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला और भाजपा की पिछली 15 वर्षों की रमन सिंह की सरकार की अकर्मण्यता पर लोगों को जानकारी दी।लोकसभा प्रभारी व पूर्व सांसद पीआर खुंटे ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार की करनी और कथनी में कितना अंतर है यह साफ-साफ दिख रहा है। लोगों को महंगाई, बेरोजगारी, भूखमरी ढकेलने का काम केन्द्र की मोदी सरकार ने किया है। वहीं दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने योजनाओं के माध्यम से आमजन के बीच विश्वास और भरोसा कायम किया है। जिसकी बदौलत हम लोगों के बीच जाकर इस भरोसे को कायम रखने की बात कह रहे है। विधानसभा प्रभारी बृजेश शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रदेश की भाजपा सरकार के राज में भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी चरम पर थी। नक्सलवाद, आंखफोड़वा कांड, नसबंदीकांड जैसे कृत्य से जिससे छत्तीसगढ़ की जनता परेशान थी और 2018 के चुनाव में जनता ने अच्छा सबक सिखाते हुए सत्ता से उखाड़ फेंका। वहीं हमारी सरकार द्वारा लगातार जनहितकारी योजनाएं चला रही है। जिससे लोगों का भरोसा हमारी सरकार पर बढ़ा है।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह पर हमला बोलते हुए कहा कि अपने 15वर्षीय कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के साथ किए गए छल को जनता भूली नहीं है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार आम जनता से जुड़ी हुई योजनाएं लाकर और उनका सफल क्रियान्वयन कर लोगों का भरोसा जीत चुकी है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा को संवर्धन करने का कार्य प्रदेश की सरकार ने किया है। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांव, गरीब, किसान की सरकार है। हमारी सरकार किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया है जिससे ग्रामीणजन की अर्थव्यवस्था सुधरी है और लोग कृषि की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ग्राम भर्रेगांव में पूर्व सांसद स्व.चंदूलाल चंद्राकर जी की प्रतिमा पर कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## काव्य गोष्ठी में साहित्यकारों ने अपनी रचनाएं पढ़ीं

**नगरी ,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के जयंती पर चित्रोत्पला साहित्य समिति द्वारा डाइट नगरी के सभागार में साहित्य गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया, इस मौके पर साहित्यकारों ने अपनी साहित्यिक रचनाओं की प्रस्तुतिकरण किया।सर्व प्रथम समिति के संरक्षक रंजन सार्वा,अध्यक्ष प्रदीप जैन,प्राचार्य राय सर,सचिव पदुम लाल साहू,उपाध्यक्ष किशोर कश्यप एवं समिति के सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर उसकी वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।किशोर कश्यप ने ठाकुर श्यामलाल सोम और महात्मा गांधी एवं छत्तीसगढ़ पर सुंदर रचना प्रस्तुत किया। क्षेत्र सिहावा सप्त ऋषि आश्रम,महानदी के पानी।

माँ भारती की इस भुंईया में छत्तीसगढ़ की कहानी विकास शांडिल्य ने छत्तीसगढ़ की महिमा का वर्णन छत्तीसगढ़ी में सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया,नरेंद्र प्रजापति(बैरी चढ़ती जवानी



के गीतकार)ने तत्कालिक रचना लिखकर तथा अपने गीतों के माध्यम से समा बाँधने का प्रयास किया।डाइट प्राचार्य राय सर ने वर्तमान स्थिति पर व्यंग्य रचना कर सबका ध्यान आकर्षित किया।शहीदों ने किया था तन मन अर्पण।तब देखा स्वतंत्रता का दर्पण।।सुरेंद्र प्रजापति ने अपनी सबसे पुरानी रचना जिसे कल्पना चावला पर लिखा था,प्रस्तुत किया।भानुप्रताप कुंजाम जो माइक्रो आर्टिस्ट के रूप में जाना जाता है,छत्तीसगढ़ी में गाँव, मजदूर और ग्रामीण परिवेश पर सुंदर रचना प्रस्तुत किया।

बनाईया घर द्वार के,लइका हन बनिहार के। जोहन नेताम व्याख्याता ने वीरनारायण सिंग पर सुंदर रचना प्रस्तुत किया। वीरनारायण की बात सुनाता हूं।क्रांति का भाव जगाता हूँ।समिति के अध्यक्ष प्रदीप जैन(बंटी) ने भगवान महावीर के ज्ञान को काव्य के माध्यम से प्रस्तुत किया।छत्तीसगढ़ पर उसकी रचना-सप्त ऋषि के तपस्या भइया, महानदी के कोरा।अड़बड़ मिठाथे बासी चटनी,अउ चना के होरा।।

मंच के संचालन कर रहे कवि पदुम लाल साहू ने बेहतरीन ढंग से विभिन्न विषयों पर अपनी रचना पाठ किया।

### जोरातराई(अं)में गांधी जयंती मनाई

**अंवरी,3 अक्टूबर।** भखारा क्षेत्र के ग्राम जोरातराई (अं)में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती मनाया गया गाँधी जयंती के अवसर पर गांव की प्रमुख स्थल राम मंदिर परिसर,कर्मा मंदिर परिसर, ठाकुर देव परिसर,शीतला मंदिर परिसर,उपस्वास्थ्य केंद्र परिसर का साफ सफाई किया गया इस अवसर पर रामस्वरूप साहू भा.ज.पा जिला मंत्री,पूर्णिमा साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष,जीवनी यादव,पूर्णिमा साहू ,बंशीलाल साहू,गोविंद सिंह राजपूत पूर्व सरपंच ,नेमीचंद साहू बूथ अध्यक्ष,रामजी तारक पंच व बूथ अध्यक्ष,पंचम पाल,मनहरण पाल,प्यारे पाल,प्रकाश निषाद,हरि पाल,कामता साहू,संतोष साहू

## एमए के छात्रों ने साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी भाषा की जानकारी ली

**राजनांदगांव ,3 अक्टूबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

एम.ए. छत्तीसगढ़ी प्रदेश छात्र संगठन के छात्रो का शनिवार को साहित्यिक धरा राजनांदगांव आगमन हुआ। छ0ग0एम ए के छात्रों ने यहां आकर एक संगोष्ठी के माध्यम से यहां के स्थानीय साहित्यकारों से छत्तीसगढ़ी भाषा संबंधित टिप्स लिए और गौरवान्वित महसूस की। छात्र संघ के अध्यक्ष रितु राज साहू व जिले के सक्रिय सदस्य रमेश साहू के अगुवाई में छत्तीसगढ़ी भाषा को जन-जन तक पहुंचाने व भाषा बनाकर छत्तीसगढ़ी को पाठ्यक्रम में शामिल करने सहित कालेज में छत्तीसगढ़ी के प्राध्यापक पद सृजित करने की मांग को लेकर राजनांदगांव पहुंचे छात्रों ने वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर साहू सहित छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति-जिला इकाई के अध्यक्ष एवं छ0ग0 राज भाषा आयोग के जिला समन्वयक आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ कवि/ समालोचक महेंद्र बघेल ÷मधु÷ ओमप्रकाश साहू ÷अंकुर÷ लखन लाल साहू ÷लहर÷ आदि से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान बसंतपुर स्थित जिला साहू भवन में संगोष्ठी सभा का आयोजन किया गया जिसमें में छात्रों को संबोधित करते हुए



छत्तीसगढ़ी के वरिष्ठ साहित्यकार ,आत्माराम कोशा ÷अमात्य÷ने कहा? कि छत्तीसगढ़ की धन्य धरा के साहित्यकार प0 सुंदरलाल शर्मा, डॉ, खूबचंद बघेल, ठा0 प्यारे लाल सिंह आदि जैसे मूर्धन्य जन सन् 1952 से पृथक छत्तीसगढ़ राज्य की मांग करते चले आ रहे थे। जिसका सपना 48 साल बाद एक कवि हृदय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के हाथो साकार ?हुआ ।अब हम प्रदेश में छत्तीसगढ़ी भाषा की प्रतिष्ठा के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। हालांकि इस लड़ाई ?के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ी को राजभाषा का दर्जा मिल चुका है। लेकिन इसे केन्द्र की आठवीं अनुसूची में शामिल करना बाकी है। इस संबंध में ऋतुराज साहु? के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ी एम0ए0छात्र संगठन के छात्रों ने महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से मिलकर उन्हें छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के? लिए जो निवेदन व प्रयास किया वह निश्चय ही तारीफ के काबिल है। श्री कोशा ने इसके लिए उन्हें शाबाशी दी। इस दौरान दुर्ग से आए गीतकार गिरवर दास मानिकपुरी , महेंद्र बघेल मधु, लखन लाल लहर जनपद सदस्य योगेंद्र वैष्णव ने भी संबोधित किया । संगोष्ठी मे छात्र संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रितु राज साहू ने छत्तीसगढ़ी जुडाव यात्रा के उद्देश्य के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला ।

## आईटीबीपी ने डोंगरगढ़ में सफाई अभियान चलाया

**डोंगरगढ़ ,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।**दिनांक 01.09.2023 से 02.09.23 तक श्री अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेट, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. बल के कुशल मार्गदर्शन एवं श्री अजय प्रकाश, उप सेनानी के नेतृत्व में सामरिक मुख्यालय 40वीं वाहिनी भा0ति0सी0पु0 बल डोंगरगढ़ द्वारा स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत सफाई अभियान का आयोजन माता बम्लेश्वरी मंदिर के दोनों



प्रांगण (उपर व नीचे) एवं महावीर मंदिर के प्रांगण में किया गया जिसमे 40वीं वाहिनी के कुल 70 पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्थानीय लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान आईटीबीपी के सभी पदाधिकारियों ने मंदिर के प्रागण में साफ-सफाई की तथा स्थानीय लोगों को अपने गाँव व वातावरण को स्वच्छ रखने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर 40वीं वाहिनी आईटीबीपी के कमाडेंट श्री ए.एन दता ने बताया कि 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी की 154वी जयंती मनाने को लेकर सफाई अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ समाज के लिये स्वच्छता बहुत जरूरी है। यह केवल अभियान के समय ही नहीं, बल्कि हमें इसे निरंतर अपने दैनिक जीवन में नियमित रूप से लागु करने की आवश्यकता है। श्री ए.एन दत्ता, कमाडेंट 40वीं वाहिनी द्वारा सभी पदाधिकारियों एवं मंदिर के प्रागण में उपस्थित स्थानीय लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को नियमित रूप से शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही सभी स्थानीय लोगों से अपने गाव व वातावरण को सुंदर एवं स्वच्छ रखने की अपील की। इस कार्यक्रम में आईटीबीपी के पदाधिकारी निरीक्षक सचिन बिष्ट, निरीक्षक हेमन्त तिवारी एवं अन्य मौजूद रहे।

## कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

**डोंगरगढ़,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के योगदानों को देश कभी भूल नहीं सकता। राष्ट्रपिता ने भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया को सत्य अहिंसा



और सत्याग्रह का मार्ग दिखाया वहीं दूसरी ओर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने देश के शीर्ष पद में रहने के बावजूद सरलता और सज्जनता की जो मिसाल देश और दुनिया के सामने पेश की वह अनुकरणीय है। उनकी सरलता और सज्जनता की कायल देश के साथ पूरी दुनिया के नागरिक थे। इस दौरान ब्लॉक शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष संजीव गोमास्ता संध्या देशपांडे धीरज मेश्राम नलिनी मेश्राम हर्षिता स्वामी बघेल शिशुपाल भारती अनिल मेश्राम हरीश भंडारी भारत भूषण मेश्राम ललिता साखरे तरुण फूले जितेंद्र भाटिया मतीन खान डॉ दिलीप नशीने दुलीचंद बडोले रूप चंद खोबरागड़े मधु श्रीवास्तव अकील कुरैशी गणेश मुदलियार रेखा खोबरागड़े संजय फुले वसीम खान सोमन मंडल विक्टर थामस गोपाल मानिकपुरी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## विश्व हिंदू परिषद का प्रांत सतसंग अभ्यास वर्ग डोंगरगढ़ में सम्पन्न

**डोंगरगढ़ ,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ के लोधी समाज भवन में विश्व हिंदू परिषद का दो दिवसीय सत्संग अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ जिसमे मे 15 जिलों से जीला विभाग वा प्रांत स्तर के सत्संग प्रमुख बजरंग दल के सपताहिक मिलन प्रमुख इस अभ्यास वर्ग में शामिल हुए व्हिप के द्वारा श्री राम जय राम की जय घोस करते हुए नगर भ्रमण किया गया। बैठक में शामिल बसंत रथ केन्द्रीय मंत्री सतसंग आयाम प्रमुख, केन्द्र रायपुर,विभूति भूषण पांडे




प्रांत मंत्री विहिप बिलासपुर नदू राम साहू प्रांत सहमंत्री राजनाद गांव विशेष रूप से प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र वर्मा,रायपुर सुनील वर्मा प्रांत सतसंग प्रमुख , रायपुर, पूजा जैन चारामा प्रांत दुर्गा वाहनी सह संयोजीका , अरुण गुप्ता विभाग मंत्री ,राज नाद गांव ,ओम प्रकाश अग्निहोत्री जिला अध्यक्ष राजनाद गांव ,तरुण हतेल जिला कार्यकारी अध्यक्ष डोंगरगढ़ अनूप श्रीवास जिला मंत्री, हनी गुप्ता जिला सह संयोजक डोंगर गड़ उपस्थित हुए। केन्द्रीय मंत्री वा केंद्रीय सत्संग आयाम के सत्संग प्रमुख ने सभी जिला सतांगो प्रमुखो का मार्ग दर्शन किया। इस सत्संग अभ्यास वर्ग में सत्संग संचालन के क्रम व विधि को विस्तृत जानकारी विविध क्षेत्र में दी गई। उपस्थित शिक्षार्थियों को विशेष विभिन्न क्षेत्रों में अभ्यास कराया गया और कार्ययोजना की जानकारी ली कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म समाज का सबसे बड़ा कार्य अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम की भव्य मंदिर जिसमें साधु संतो की कई वर्षों की तपस्या सफल हुई जिसमे जनवरी महीने में रामलालाकी स्थापना के दिन सभी हिंदू अपने-अपने घर व नगर में प्रभू श्री राम की शोभा यात्रा निकालकर जय घोस के साथ मंदिरों में हनुमान चालीसा का पाठ करें ।

### शादी के नाम पर शारीरिक शोषण,आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव**,3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** पीड़िता चौकी चिखली अपने परिजन के साथ थाना हाजिर आकर लिखीत आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी शुभम यादव पिता रेखु यादव उम्र 21 साल साकिन चिखली रमन बाजार वार्ड नं. 05 चौकी चिखली ने 13.अक्टूबर 2022 से लगातार शादी का प्रलोभन देकर जबरदस्ती शारिरीक संबंध बनाकर 07 माह का गर्भवती कर दिया है व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देने कि रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे अपराध क्र. 762/2023 धारा 376(2)(ढ),506 भादवि कायम किया गया मामले गंभीरता को देखते हुए सुझबुझ से आरोपी शुभम यादव निवासी रमन बाजार के पास चिखली को घेराबंदी कर पकड़ा गया।



संपादकीय

## नेता तो ऐसा होना चाहिए

हर देश,हर राज्य, हर जिले,हर ब्लाक,हर वार्ड में हर पार्टी के कई नेता होते हैं। लेकिन उनमें से कोई ऐसा नहीं होता है जिसे इस बात पर भरोसा हो कि उसने इतना अच्छा काम किया है कि जनता तो उसे बैनर,पोस्टर न लगाने पर भी चुनाव में जिताएगी ही। नेता थोड़ा बहुत विकास का कार्य तो कराते ही हैं. वह भी ऐसे काम होते हैं जो उनकी जगह कोई दूसरा भी होता तो कराता। जनता तो उस नेता को याद करती है जो कोई ऐसा काम करे,जो किसी न किया हो, जब कोई नेता ऐसा काम करता है तो जनता उसे याद करती है तथा उसे चुनाव में जिताती भी है। कुछ नेता तो अपने पद के कारण चुनाव जीत जाते हैं जैसे कहीं का सीएम इसलिए चुनाव जीत जाता है कि जनता को भरोसा रहता है कि वह सीएम को जिताएगी तो क्षेत्र में विकास कार्य होगा। सीएम योग्य है इसलिए जनता उसे चुनाव नहीं जिताती है, सीएम बनेगा तो क्षेत्र का विकास तेजी से होगा इसलिए चुनाव जिताती है। सीएम भी अपने चुनाव क्षेत्र में जीत के लिए बैनर पोस्टर लगाते हैं,उनको भी भरोसा नहीं होता है कि उन्होंने सीएम के रूप में इतना अच्छा काम किया है कि वह अपने क्षेत्र और राज्य में बैनर पोस्टर नहीं लगाएंगे तो भी चुनाव में जनता उनको तथा उनकी पार्टी को जिताएगी। अपने काम पर किसी नेता को भरोसा नहीं होता है कि उसने इतना अच्छा काम किया है कि जनता उसे तो जिताएगी ही। इसलिए, जिताएगी कि उसने अब तक अच्छा काम किया है, जीतेगा तो भी अच्छा काम करेगा। देश में नीतिन गडकरी ही एकमात्र ऐसे नेता है जो कहते हैं कि चुनाव जीतने के लिए न तो वह कोई पोस्टर लगाएंगे, न ही किसी को चाय पिलाएंगे। वह ऐसा कहने वाले अकेले नेता है। वह ऐसा कह सकते हैं, वह ऐसा इसलिए कह सकते हैं कि उन्होंने जो भी काम किया है, अच्छा काम किया है। उनका काम ही उनका परिचय है। सब जानते हैं यदि काम गडकरी ने कराया है तो वह अच्छा ही होगा। वह ऐसे नेता है जो यह जानते हैं कि कम खर्च में अच्छा काम कैसे कराया जा सकता है। उन्होंने देश भर में हाईवे बनवाए हैं। इससे देश में आवागमन सहज सरल हुआ है तथा इससे समय की बचत होती है, ईंधन की बचत होती है। परिवहन खर्च कम होता है। गडकरी अपनी जुबान के पक्के नेता है, वह अपने लिए समय खुद तय करते हैं कि इतने समय में यह काम पूरा हो जाएगा और वह पूरा करके दिखा देते हैं। गडकरी जानते हैं कि उनको लोग उनके काम के कारण पसंद करते हैं, जब तक वह अच्छा काम करते रहेंगे जनता उन्हें पसंद करती रहेगी। राज्यों के सीएम को गडकरी से सीख लेनी चाहिए कि कैसे काम किया जाता है, कैसे अपने काम से जनता को प्रभावित किया जा सकता है। गडकरी को अपने काम के लिए करोड़ों का प्रचार नहीं करते हैं। पांच साल में करोड़ों के प्रचार के बाद भी राज्य के सीएम को भरोसा नहीं होता है कि वह चुनाव जीत जाएगा, उसकी पार्टी चुनाव जीत जाएगी। अभी खबर आई है कि जिन चार राज्यों में चुनाव होने वाले हैं उन राज्यों के सीएम चुनाव के पहले 44 हजार करोड़ रुपए का कर्ज ले रहे हैं। यह कर्ज भी किसलिए चुनाव के पहले जो घोषणाएं की है,उसे पूरा करने के लिए। यह तो चुनाव के पहले का कर्ज है। अभी तो राजनीतिक दलों का चुनाव घोषणा पत्र सामने नहीं आया है। चुनाव में जो मुफ्त वाले वादे किए जाएंगे । उसे पूरा करने के लिए भी राज्य सरकारें पांच साल तक कर्ज लेती रहेंगी। कोई भी राजनीतिक दल हो वह पांच साल सत्ता में रहने के लिए जो मुफ्त व नगद पैसे देने की घोषणाएं करता है, वह राज्य व जनता के हित में नहीं होती है,क्योंकि इससे राज्य पर हर सरकार कर्ज बढ़ाती जाती है, राज्य व जनता पर कर्ज बढ़ता जाता है।राज्य व जनता का कर्जदार होना चिंता की बात होनी चाहिए लेकिन है नहीं।

## आज का राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए स्पेशल रहेगा। दांपत्य रिश्ते की समस्याएं आज ख़त्म होगी, एक-दूसरे के साथ रिश्ते की नयी शुरुआत करेंगे। बच्चे आज बेहद खुश रहेंगे, उनकी डिमांड आज माता-पिता पूरी करेंगे। जो लोग प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे, अपने लक्ष्य पर ध्यान दें... जल्द ही आपकी सफलता के योग हैं। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आप फिट रहेंगे।

**वृष राशिः** आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। दोस्त की खुशी में आज आप शामिल होंगे, उन्हें काफी ख़ुशी होगी। आज नौकरी अथवा व्यवसाय में किसी भी प्रकार की लापरवाही न रखें दूसरों के भरोसे काम नहीं छोड़ें नही तो नुकसान हो सकता है । किसी से लिए रुपए को जल्द से जल्द चुकता करेंगे। अपने वैवाहिक जीवन को आज ख़ास बनायेंगे। मानसिक रूप से किसी बात को अधिक सोच सकते हैं।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके निजी जीवन की जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, जिन्हें आप बखूबी पूरा करेंगे। आपका किसी बिजनेस मीटिंग में परफॉर्मेंस अच्छा रहेगा और आसपास के लोग आपसे प्रभावित होंगे जिससे आपको बहुत फायदा भी होगा। आज किसी काम में उलझने से अच्छा है किसी बड़े की सहायता ले लें। पारिवारिक जीवन में सौहार्द्र बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की आज किसी बड़े नेता से मुलाकात होगी।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। ऑफिस के रुके कार्य को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज शांत मन से कोई भी निर्णय लेना बेहतर रहेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज बेटे की किसी परीक्षा का रिजल्ट उनके हक में आयेगा। शुगर की समस्या से परेशान लोग आज अपने खान.पान पर परहेज रखें। सोना चांदी के व्यापारियों को आज अच्छा लाभ होगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन मिला-जुला रहने वाला है। दोस्तों के साथ मिलजुल कर रहे। जरुरत पड़ने पर आपको मदद लेनी पड़ सकती है। आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी। काफी समय से सोंची कोई चीज आज खरीद सकते हैं। आप अपने खाली समय का सदुपयोग नई चीज़े सीखने में करें, जो आपकी उन्नति में योगदान देगा। छात्रों के लिए आज अपनी पढ़ाई पर ध्यान देने का है।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज अपने आर्थिक पक्ष को देखते हुए खर्च करेंगे। धन आगमन होने से आप आर्थिक रूप से राहत महसूस करेंगे। आज उम्मीद से कई गुना ज्यादा आपको लाभ होगा। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी नौकरी मिलेगी। आज आपकी सभी टेंशन ख़त्म होंगी। ऑयली फ़ूड से जितना हो सके दूर रहे, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। फोन पर कोई अच्छी न्यूज़ मिलेगी.. जिससे घर में खुशियां आएंगी। अपने व्यवहार में लचीलापन बनाये रखें, लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे।

**तुला राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपकी इनकम के हिसाब से खर्चे बढ़ेंगे। कार्यों में आ रही विघ्न बाधाएं आज समाप्त होंगी। आज बच्चे अपनी परेशानी, माता से शेयर करेंगे तो उनको अपनी परेशानी का हल मिल जाएगा, जिससे उनका मन काफी खुश होगा। पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। काम के प्रति आपकी रूचि बढ़ेगी। आपकी राय से किसी समस्या का हल निकलेगा। जीवनसाथी से रिश्ते में आपसी तालमेल बनाये रखें।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज हैवी ट्रैफिक की वजह से आपको ऑफिस के लिए लेट हो सकता है। आय की तुलना में व्यय की मात्रा अधिक रहेगी। आज आपके विचारों सकारात्मकता बनी रहेगी । इलेक्ट्रॉनिक चीजों या मशीनरी पर खर्च आदि की संभावना अधिक रहेगी । आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। जिस भी कार्य को करने को सोचेंगे उसमे सफलता जरूर मिलेगी। पिता आपके जिम्मेदार व्यक्तित्व को देखकर गर्व महसूस करेंगे।

**धनु राशिः** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। बड़े भाई की सहायता से काम को जल्द और आसानी से पूरा कर लेंगे। आपके घर के वातावरण में सुख समृद्धि बढ़ेगी। प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री से जुड़ा काम आज फाइनल हो जाएगा। आपकी अधिक इनकम से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। जो लोग आर्किटेक्ट, सजावट की वस्तुओं, डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में जुड़े हुए हैं उनके लिए आज का दिन अच्छा है । परिवार में कुछ ख़ास लोगों से मुलाकात होगी।

**मकर राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप पूरी ऊर्जा के साथ काम करेंगे। इस राशि के राजनीतिज्ञ सामाजिक कार्यों में रूचि लेंगे। कोई नई शुरुआत करने अथवा नौकरी में परिवर्तन के मामले में आप गंभीरता से विचार करेंगे । आज दोस्तों के साथ किसी रेस्टोरेंट जाने का प्लान बनेगा। स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं आज खत्म होंगी। वाहन आदि लेने ला सपना पूरा होगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन खुशियां भरा रहने वाला है। आज किसी बात से आप बेहद खुश होंगे। सिंगर्स को किसी एल्बम की प्रसिद्धि के लिए सम्मानित किया जायेगा। अगर आप कोई प्रेजेंटेशन तैयार कर रहे हैं, तो ध्यानपूर्वक करें। इस राशि के लोगों को काम के साथ स्वास्थ्य का भी ख़याल रखना चाहिए। सिविल इंजीनीयर्स को आज बड़ा कॉन्ट्रैक्ट मिल सकता है। व्यापारिक क्षेत्र में सफलता मिलेगी। किसी कोर्ट केस का फैसला आज आपके पक्ष में आएगा।

**मीन राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज कुछ नया करने का विचार करेंगे। बॉस आपके काम की तारीफ़ करेंगे फिर भी अपना काम पूरा के साथ करें। आज दोस्त की बर्थडे पार्टी में खूब एन्जॉय करेंगे। स्वास्थ्य के नजरिये से आज का दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। लव मेट्स कहीं घूमने जाएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, सफलता के योग बने हुए हैं।

# दवाब के बाद कनाडा का यू टर्न

विदेश
सुनील कुमार महला

खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाने के बाद अब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो के तेवर नरम पड़ते नजर आ रहे हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत ने कनाडा के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था। हाल ही में, कनाडा और भारत के बीच तल्ख होते रिश्तों के बीच अब बदलाव के संकेत देखने को मिल रहे हैं। मीडिया के हवाले से यह पता चलता है कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अब यह बात कही है कि भारत व कनाडा के बीच रिश्ते काफी पुराने हैं और यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ रिश्तों का अपना महत्व है और कनाडा रिश्तों को बेहतर बनाएगा। इस मामले में कनाडा काफी गंभीर है। वैसे कनाडा पर हर तरफ से दबाब भी इन दिनों बढ़ रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क ने हाल ही में कनाडा सरकार की दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर यह कहा है कि जस्टिस अभिव्यक्ति की आजादी को दबा रहे हैं। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि एलन मस्क स्पेसएक्स के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपतियों में से एक हैं। मस्क ने ट्रूडो सरकार की आलोचना की है। यहां यह बात महत्वपूर्ण व उल्लेखनीय है कि कनाडा के एक आदेश के तहत सभी ऑनलाइन स्टीमिंग सेवाओं को आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराने का आदेश दिया है ताकि सरकार उस पर रेगुलेटरी कंट्रोल कर सके। वास्तव में कनाडा सरकार के इस आदेश की जमकर आलोचना की जा रही है।

पत्रकार और लेखक ग्लेन ग्रीनवाल्ड ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें उन्होंने यह लिखा कि कनाडा सरकार दुनिया की सबसे दमनकारी ऑनलाइन सेंशरशिप योजना लेकर आई है। वास्तव में इसके तहत सभी ऑनलाइन स्ट्रीमिंग सेवाओं, जिनमें पॉडकास्ट होता है, उन्हें आधिकारिक रूप से सरकार के रिकॉर्ड में पंजीकृत कराना होगा, जिससे सरकार ऑनलाइन




स्ट्रीमिंग सेवाओं पर रेगुलेटरी नियंत्रण कर सके। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि यह पहली बार नहीं है कि कनाडा की ट्रूडो सरकार पर बोलने की आजादी के हनन का आरोप लगा हो। इससे पहले भी फरवरी वर्ष 2022 में भी ट्रूडो सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था और यह कनाडा के इतिहास में पहली घटना थी। दरअसल, कोरोना महामारी के दौरान कोरोना वैक्सीन को लेने की अनिवार्यता के खिलाफ ट्रक ड्राइवरों ने विरोध प्रदर्शन किया था और उस समय इसे लेकर पूरे कनाडा में बहुत हंगामा हुआ था। तब हालात को नियंत्रित करने के लिए कनाडा सरकार ने आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया था। बहरहाल, जानकारी देना चाहूंगा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने हाल ही में अपने अमेरिकी दौरे के दौरान यह बात कही थी कि कनाडा एक ऐसा देश बन गया है जहां भारत से संगठित अपराध, लोगों की तस्करी के साथ ही, अलगाववाद और हिंसा का मेल है।एस जयशंकर ने यह बात कही है कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने जिस तरह निजी और सार्वजनिक तौर पर आरोप लगाया वो ठीक नहीं था। उन्होंने कहा कि कनाडा को खालिस्तानियों पर लगाम लगानी चाहिए। भारत के सख्त रूख के बाद कनाडा जस्टिन ट्रूडो ने यू-टर्न लिया और कहा कि वैश्विक स्तर पर आज भारत का महत्व बढ़ रहा है, ऐसे में जरूरी है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ मिलकर काम करें। हैरानी की बात है कि भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद अब खुद जस्टिन ट्रूडो भारत को महाशक्ति बताकर दोस्ती को नई ऊंचाई पर ले जाने की पैरोकारी कर रहे हैं। खैर जो भी हो निज्जर मामले में कनाडा की अनावश्यक आक्रामकता के बाद भारत ने एक के बाद एक कड़े व सख्त कदम उठाकर कनाडा को यह जता दिया है कि भारत पर वैश्विक दबाव चलने वाला नहीं है । यहां पाठकों को यह बताया जाना आवश्यक है कि निज्जर कनाडा में एक प्रमुख खालिस्तान समर्थक नेता था और खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) का हेड था। भारत के गृह मंत्रालय ने केटीएफ पर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए विदेशी स्रोतों से फंडिंग और हथियारों के उपयोग का आरोप लगाया था। भारतीय अधिकारी कई वर्षों तक निज्जर को ट्रैक कर रहे थे। इसी साल 18 जून को कनाडा में उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से निज्जर के समर्थक भारत को उसकी हत्?या में शामिल बता रहे हैं। कनाडा ने भारत पर बहुत ही ग़लत आरोप लगाए हैं, जो कि ठीक नहीं है। कनाडा के आरोपों के बाद भारत ने कनाडा की कार्रवाई के जवाब में कनाडा के राजनयिकों को वापस भेजा, फिर कनाडाई नागरिकों को वीजा जारी करने पर अस्थाई रोक लगा दी थी। इसके बाद भारत ने संपूर्ण दुनिया के सामने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा, जिसका बहुत ही सकारात्मक व जोरदार असर पड़ा। यहां पाठकों को यह भी जानकारी देता चलूं कि कनाडा के विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री ने भी भारत-कनाडा के बीच तनातनी को उचित नहीं माना है। उन्होंने कहा कि भारत के साथ बेहतर रिश्तों की जरूरत है। हाल फिलहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जिस तरह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मोर्चा संभाला है, उससे कनाडा अपने रवैये को बदलने पर विवश होना पड़ा है। कनाडा के रवैए के बाद अब यदि भारत-कनाडा में रिश्ते सामान्य होते हैं, तो यह दोनों ही देशों के हित में है।

# दुनिया में हमेशा प्रासंगिक रहेगा गांधी दर्शन

चिंतन
तनवीर जाफ़री



भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जन्मतिथि 2 अक्टूबर को उन्हें याद किया जाता है। पूरा विश्व गांधीवाद व गांधी दर्शन का इसीलिये क़ायल है कि उन्होंने दुनिया को सत्य व अहिंसा के साथ साथ सर्वधर्म समभाव के मार्ग पर चलते हुये विश्व की बड़ी से बड़ी शक्ति से संघर्ष करने की प्रेरणा दी थी । मार्टिन लूथर किंग से लेकर नेल्सन मंडेला और बराक ओबामा तक न जाने कितने नेता हैं जो गांधी जी को अपना आदर्श मानते रहे हैं। दुनिया के किसी भी देश में आज जब युद्ध विरोधी, शान्ति व अहिंसा की बातें होती हैं तो बड़े से बड़े नेता गांधी दर्शन को ही याद करते हैं। यही वजह है कि विश्व के 70 से भी अधिक देशों में शांति के इस महान पुजारी की एक या अनेक प्रतिमाएं स्थापित कर उन्हें सम्मान भी दिया गया है। उन देशों के लोग गांधी से प्रेरणा लेते हैं। यहाँ तक कि विश्व में जब कहीं कोई शांति मार्च निकलता है तो लोग गांधी की तस्वीरों व उनके सद्भावपूर्ण संदेशों से युक्त बैनर जुलूस के आगे लेकर चलते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि यह भारत का सौभाग्य है कि इतने महान विचारों वाला व्यक्ति हमारे देश में पैदा हुआ। सारी दुनिया भारत को गांधी के देश के रूप में ही जानती है।

आज जबकि विश्व का बड़ा हिस्सा युद्ध,हिंसा, परस्पर मतभेद, बेरोज़गारी, महंगाई,साम्प्रदायिकता जैसे तनावपूर्ण वातावरण के दौर से गुज़र रहा है। पूरा विश्व बाहरी व भीतरी तौर पर राजनैतिक वर्चस्व की लड़ाई लड़ रहा है, ऐसे में ख़ास तौर पर गांधी जयंती के अवसर पर हर बार चिंतकों द्वारा यह सवाल उठाया जाता है कि गांधी के सत्य व अहिंसा के सिद्धांत पर आधारित उनके दर्शन और विचारों की आज कितनी प्रासंगिकता महसूस की जा रही है ? सितम्बर, 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया था। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि -'यह अवसर इसलिये भी महत्वपूर्ण है कि इस वर्ष हम महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मना रहे हैं।' उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ और कई मुद्दे उठाये थे वहीं उन्होंने भारत का शांति-अहिंसा का संदेश प्रमुख रूप से विश्व को दिया था। संयुक्त राष्ट्र महासभा जैसे वैश्विक मंच से शांति का संदेश देते हुए उन्होंने कहा था कि -' हमने दुनिया को शांति का पैग़ाम दिया। संयुक?त राष?ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ा बलिदान अगर किसी देश ने दिया है, तो वह देश भारत है। हम उस देश के वासी हैं जिसने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिये हैं, शांति का संदेश दिया है'। गोया बुध और गांधी के शांति के संदेश ही ऐसे हैं जिनपर प्रत्येक भारतवासी गर्व करता है।

परन्तु इस दुर्भाग्यपूर्ण सत्य से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि भले ही पूरा विश्व इस 'महात्मा' के समक्ष नतमस्तक होता हो ,उन्हें अपना आदर्श व प्रेरणास्रोत मानता हो परन्तु गांधी व गांधीवाद का विरोध करने वालों में और किसी देश के लोग नहीं बल्कि अधिकांशतयाः केवल भारतवासी ही शामिल हैं। संकीर्ण मानसिकता रखने वालों,साम्प्रदायिकता वादियों ने गांधी को व उनके के विचारों की प्रासंगिकता को तब भी महसूस नहीं किया था जबकि वे जीवित थे। गांधी से असहमति के इसी उन्माद ने उनकी हत्या तो कर दी परन्तु आज गांधी के विचारों से मतभेद रखने वाली उन्हीं शक्तियों को भली-भांति यह महसूस होने लगा है कि गांधी अपने संकीर्ण व साम्प्रदायिकतावादी विरोधियों के लिए दरअसल जीते जी उतने हानिकारक नहीं थे जितना कि अपनी हत्या के बाद साबित हो रहे हैं। और इसकी वजह केवल यही है कि जैसे-जैसे विश्व हिंसा, आर्थिक मंदी, भूख, बेरोज़गारी और नफ़रत जैसी नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करता जा रहा है व इनमें उलझता जा रहा है, वैसे-वैसे दुनिया को न केवल गांधी के दर्शन याद आ रहे हैं बल्कि विश्व को गांधी दर्शन को आत्मसात करने की आवश्यकता भी बड़ी शिद्दत से महसूस होने लगी है।

दूसरी तरफ़पिछले एक दशक से गाँधी के देश भारत में ही उन्हें अपमानित करने यहाँ तक कि सार्वजनिक रूप से खुलकर गालियां देने वालों की संख्या भी दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है । भारतीय संसद में ऐसे लोगों का प्रवेश हो चुका है जो गाँधी को अपमानित करते हैं और उनके हत्यारे नाथू राम गोडसे व उसके वैचारिक सहयोगियों का महिमामंडन करते हैं। ऐसा इसीलिये है कि वर्तमान सत्ता उन्हें प्रश्रय देती है।

ये लोग प्रायः सत्तारूढ़ दल के ही सदस्य या समर्थक हैं। आजतक गाँधी को अपमानित करने व गोडसे का महिमामंडन करने यहां तक कि उसे राष्ट्रवादी बताने वालों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी। और तो और भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अधयक्ष और देश के वर्तमान गृह मंत्री अमितशाह ने भी जून 2017 में रायपुर(छत्तीसगढ़ ) के मेडिकल कॉलेज में आयोजित बुद्धिजीवियों की एक सभा में जब गाँधी जी को याद किया तो उनके शब्द यह थे - ÷महात्मा गांधी बहुत चतुर बनिया था, 'उसको' मालूम था कि आगे क्या होने वाला है। उसने आज़ादी के बाद तुरंत कहा था, कांग्रेस को बिखेर देना चाहिए।÷ इस तरह की शब्दावली का प्रयोग करने वाले नेता की पार्टी के ही एक सांसद ने पिछले दिनों लोकसभा में जब एक मुस्लिम सांसद को घोर आपत्तिजनक बातें कहीं और उस पर साम्प्रदायिक व आपराधिक टिप्पणियां कीं तो उसी कांग्रेस पार्टी के सांसद राहुल गांधी उस पीड़ित सांसद के आंसू पोछने उनके निवास पर गये। यह कांग्रेस व गांधीवादी सोच ही थी जिसने राहुल गांधी को भेजकर सांत्वना देने को विवश किया। और वह गोडसेवादी विचार थे जो उस सांसद के मुंह से निकलते दुनिया को सुनाई दिये।

बहरहाल,पिछले दिनों महात्मा गांधी की वैश्विक स्वीकार्यता एक बार फिर पूरे विश्व ने देखी और महसूस की जबकि जी 20 देशों के शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दिल्ली आए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक,ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज़,कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो,संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा, विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम, एशियाई विकास बैंक के अध्यक्ष मासात्सुगु असाकावा, आईएमएफ़ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टालिना जॉर्जीवा सहित लगभग सभी राष्ट्राध्यक्ष महात्मा गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी समाधि स्थल राजघाट पहुंचे। इन सभी राष्ट्राध्यक्षों,सरकार के प्रमुखों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों ने वहां एक मिनट का मौन रखा और राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि व पुष्पांजलि अर्पित की। महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के बाद जी 20 नेताओं ने 'लीडर्स लाउंज' में 'शांति दीवार' पर हस्ताक्षर भी किए। जी 20 के अगले मेज़बान ब्राज़ील के राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो ने इस अवसर पर कहा कि - 'जब हम महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने के लिए गए उस समय मैं बहुत भावुक हो उठा था। मेरे राजनीतिक जीवन में महात्मा गांधी का बहुत महत्व है क्योंकि अहिंसा का मैंने कई दशकों तक अनुसरण किया है, जब मैं श्रमिक आंदोलन के लिए लड़ा था। यही कारण है कि जब मैंने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की तो मैं भावुक हो उठा।' ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिनसे यह प्रमाणित होता है कि सत्य-अहिंसा व सर्वधर्म समभाव को अपने आप में समाहित करने वाला गांधी दर्शन कल भी प्रासंगिक था और रहती दुनिया तक प्रासंगिक रहेगा।

# छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री

**मनोज सिंह, सहायक संचालक**



मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ध्येय के साथ काम करते हुए राज्य में न्याय, विश्वास व सुरक्षा के मूल मंत्र पर आगे बढ़ते हुए पिछले पांच वर्षों में जीरो टालरेंस की नीति अपनायी है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के निर्देशन में राज्य की बेसिक पुलिसिंग ने जनता का भरोसा जीता है और जीरो टालरेंस से राज्य में अपराधों पर अंकुश भी लगा है।

छत्तीसगढ़ में 2015 से 2018 की तुलना में 2019 से अब तक महिला अपराधों में 40 फीसदी की कमी आयी है। महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने हाल ही में एक बड़ी घोषणा की है जिसमें महिलाओं से दुष्कर्म के आरोपियों को शासकीय नौकरी देने पर रोक लगा दी गयी है। महिला अपराध पर अंकुश लगाने के लिए राज्य के 4 जिलों में अलग से महिला थाना की स्थापना की गयी है। जबकि 455 पुलिस थानों और चौकियों में महिला सेल का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की अगुवाई में छत्तीसगढ़ पुलिस को विशेष संबल मिला है इसी का नतीजा है कि वर्ष 2018 से लेकर वर्ष 2022 तक नक्सल वारदातों में 52 फीसदी की कमी आई है। नक्सल क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या शिक्षा की थी। नक्सलियों के द्वारा स्कूलों को निशाना बनाया गया था। नक्सली हिंसा के कारण डेढ़ दशक से बंद पड़े 314 स्कूलों का मुख्यमंत्री की दृढ़ इच्छाशक्ति से फिर से संचालन शुरू किया गया है। इसके साथ ही 589 गांव भी नक्सल मुक्त हो चुके है और 5.74 लाख से अधिक लोग हिंसा और दहशत से मुक्त हुए हैं।

छत्तीसगढ़ में जुआ सट्टा के प्रभाव को रोकने के लिए राज्य में जुआ प्रतिषेध अधिनियम में कड़े प्रावधानों को शामिल किया गया जिसमे आनलाइन जुआ के लिए भी सजा का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ पुलिस नशीले पदार्थों को लेकर विशेष अभियान चला रही है जिससे नशीले पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाया जा सका है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो चिटफंड कंपनियों के झांसे में आकर अपनी गाढ़ी कमाई गंवाने वालों का पैसा लौटा कर उनके साथ न्याय कर रहा है।

## अगर आप भी इस तरीके से पीते हैं नारियल पानी तो शरीर को हो सकता है नुकसान, जानें कौन सा है वो तरीका?

नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए अच्छा होने के साथ-साथ नुकसान भी पहुंचा सकता है. अब सवाल यह उठता है कि इतना हेल्दी चीज आपको नुकसान कैसे पहुंचा सकता है. तो जवाब है इसके पीने के तरीका. आप नारियल पानी किस तरीके से पीते हैं यह बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण है. क्योंकि इसके तरीका में ही छिपा है इसके फायदे और नुकसान. बायोमेड रिसर्च ऑनलाइनमैगजीन में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा नारियल पानी पीने से टॉयलेट में पोटेशियम की मात्रा बढ़ सकती है. जो जिंदगी के लिए खतरनाक है.

**हद से ज्यादा नारियल पानी सेहत के लिए नुकसानदायक है-** नारियल पानी एक नैचुरल इलेक्ट्रोलाइट से भरपूर ड्रिंक है, जिसमें कैलोरी और चीनी कम होती है और इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम और कैल्शियम और आयरन होते हैं. नारियल पानी खुद को हाइड्रेट करने और तरोताजा महसूस करने के लिए बेस्ट है. खासकर गर्मियों में नारियल पानी आपके हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है. हालांकि, किसी भी चीज़ को हद से ज्यादा पिया जाए तो वह सेहत के लिए नुकसानदायक होता है. यह शरीर में एलर्जी पैदा भी करता है.

**डायरिया-**नारियल पानी पोटेशियम से भरपूर होता है. जबकि नारियल पानी हाइड्रेटिंग हो सकता है, अत्यधिक सेवन से दस्त हो सकता है. खासकर यदि आप इसकी उच्च पोटेशियम सामग्री के आदी नहीं हैं.**हाई शुगर लेवल-**हर किसी के पास ताजा नारियल फोड़ने का समय नहीं होता है, हर बार उन्हें इसके पानी की इच्छा होती है. कभी-कभी आपको स्टोर से खरीदे गए पहले से पैक नारियल पानी पर निर्भर रहना पड़ता है. हालांकि, नारियल पानी के कुछ व्यावसायिक ब्रांडों में अतिरिक्त शर्करा हो सकती है, जो इसके स्वास्थ्य लाभों को नकार सकती है. हमेशा अतिरिक्त शर्करा के लिए लेबल की जांच करें और प्राकृतिक, बिना चीनी वाली किस्मों का चयन करें.**एलर्जी-**हालांकि दुर्लभ, कुछ व्यक्तियों को नारियल पानी से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, पित्ती या सूजन जैसे लक्षण हो सकते हैं। यदि आपको एलर्जी का संदेह है, तो तुरंत स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर से परामर्श लें।**दवाओं के साथ न पिएं-**नारियल पानी में स्वाभाविक रूप से पोटेशियम की मात्रा अधिक होती है, जो कुछ दवाओं से टॉयलेट में दिक्कत हो सकती है. और एसीई अवरोधकों के साथ परस्पर क्रिया कर सकता है. यदि आप दवा ले रहे हैं, तो नारियल पानी का सेवन बढ़ाने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श लें.**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल परेशानी-**कुछ लोगों के लिए, थोड़े समय में बड़ी मात्रा में नारियल पानी पीने से पेट में परेशानी, सूजन या ऐंठन हो सकती है.

सेहत

## भाप में पका खाना स्वास्थ्य के लिए होता है फायदेमंद

भाप में पका खाना यानी स्टीम्ड फूड स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद होता है।इसमें सब्जियों और फलों के विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व बरकरार रहते हैं।इसके अलावा भाप में खाना पकाने के लिए किसी भी तरह के तेल का इस्तेमाल भी नहीं होता, जिससे इसका सेवन सभी उम्र के लोगों की सेहत के लिए लाभदायक है।ऐसे में आइये आज हेल्थ टिप्स में भाप में पके खाने के सेवन से मिलने वाले 5 लाभ जानते हैं।

**पोषक तत्वों को रखता है बरकरार-**भाप में पका खाना अन्य तकनीकों से बने खाने की तुलना में ज्यादा पौष्टिक माना जाता है।ऐसा इसलिए है क्योंकि इसमें पका खाना न तो जलता है और न ही इसमें किसी तरह के तेल मसालों का इस्तेमाल किया जाता है।इससे इसमें कोई हानिकारक तत्व पैदा नहीं होते हैं, जिसकी वजह से खाने में पोषक तत्व लंबे समय तक बरकरार रहते हैं।अगर आप भी पौषिक भोजन करना चाहते हैं तो भाप में खाना बनाने की कोशिश करें।

**पाचन क्रिया में करता है सुधार-**तेल मसाले वाला भोजन करके अकसर लोगों को कब्ज और गैस जैसी कई पेट संबंधी



समस्याओं का सामना करना पड़ता है, वहीं भाप में पका खाना पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें तेल और मसालों का इस्तेमाल नहीं किया जाता है।दरअसल, भाप में पका खाना काफी मुलायम होता है, जो पेट के स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहता है।पाचन क्रिया में सुधार के लिए इन घरेलू नुस्खों को अपनाएं।

**कोलेस्ट्रॉल को करें नियंत्रित-**भाप में पका खाना खाने से कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित रखने में भी मदद मिलती है।दरअसल, भाप में पका खाना हाई ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद होता है क्योंकि इसमें किसी भी तरह के तेल का इस्तेमाल नहीं किया जाता।इसके अलावा यह खाना हृदय के स्वास्थ्य को बनाए रखने में भी मदद करता है।हृदय स्वास्थ्य के लिए ये 5 पेय भी फायदेमंद है।

**वजन घटाने के लिए है फायदेमंद-** आजकल ज्यादातर लोग मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। इससे बचाव या वजन घटाने के लिए सही खान-पान बहुत जरूरी है।इसके लिए आप भाप में पके खाने को अपनी डाइट में ज्यादा-से-ज्यादा शामिल करें।दरअसल, भाप में पके खाने में कम कैलोरी होती है।इसमें घी या तेल का इस्तेमाल भी नहीं होता है इसलिए यह वसा मुक्त भोजन माना जाता है, जिससे वजन नहीं बढ़ता है।

**खाने का बढ़ाता है स्वाद-**भाप में खाना पकाने का एक और बड़ा लाभ है। इससे सब्जियों या फलों का रंग और स्वाद दोनों बरकरार रहता है।इसके अलावा इस तरीके से पकाया गया भोजन चिपचिपा भी नहीं रहता, जिससे यह आसानी से पच जाता है।इन सभी स्वास्थ्य लाभों को पाने के लिए अपनी डाइट में भाप में पके खाने को शामिल करें।घर पर स्टीम्ड फूड बनाने के लिए इन रेसिपीज को आजमाएं।

# भरोसा यात्रा में आठ हजार बाइक सवारों के साथ शामिल हुए मंत्री कवासी लखमा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**सुकमा,3 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय से 35 किमी की दूरी तय कर मंत्री कवाशी लखमा बाईक मे सवार होकर भरोसा की यात्रा का नेतृत्व करते हुए सुकमा स्थित मिनि स्टेडियम मे विशाल जन समूह को संबंधित करते हुए कहा की राहुल गांधी सोनिया गांधी ने छत्तीसगढ़ के सारे सपना पूरा किये है हम जनता के बीच में रखेंगे 5 साल में हम लोगो ने क्या किया है छत्तीसगढ़ के लोगों का सेवा किया है मुख्यमंत्री भी पाटन क्षेत्र मे व बाकी मंत्री विधायक अपने अपने क्षेत्रो में बाईक रैली निकाल गया। कांग्रेस सरकार में किसान योजना का पैसा मिला और हिंदुस्तान की पहली सरकार है जिसने बेरोजगारी भत्ता 2500 देने वाला बना वही, गोबर खरीदने वाला आम आदमी का पत्ता समीक्षा करके हिंदुस्तान में नंबर वन बन गया। मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना से से लोगों को हर बाजार में इलाज हो रहा है और गांव में लोगों को ढोल व अन्य वाद्य यंत्र व सरकार पूरा प्रबंध कर दिया था। आदिवासी लोगों को और इस साल चुनाव होगा नवीन बाबू इस समय दूसरा नंबर पर है और हमारे मुख्यमंत्री एक नंबर पर है। मंत्री ने कहा की भारत के प्रधानमंत्री भाजपा के है लेकिन 9 साल में लोगों के लिए ऐसा कुछ नही किऐ जिससे आदिवासी समाज नाराज है। केन्द्र की नीतियों के कारण मणिपुर में आदिवासी समाज के लोगो का घर जलायाजा रहा है जिससे नाराज आदिवासी समाज बस्तर बंद करने का आह्वान किया गया। हमारे मुख्यमंत्री की सोच यही है कि लोगों को रोजगार मिलेगा उस अच्छे सोच मे पानी फेराने का काम भाजपा पार्टी कर रही है, मैं आव्हान करता हूं कि बदलो नरेंद्र मोदी की सरकार को छत्तीसगढ़ मे कांगेस बीजेपी के परिवर्तन यात्रा का जवाब देने के लिए आज एक दिवसीय कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाला गया. यह यात्रा प्रदेश के सभी 90 विधानसभाओं में निकाली गई है. मुख्यमंत्री भुपेश बघेल से लेकर सभी मंत्री अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में मोटरसाइकिल से लेकर अन्य वाहनो से कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाल रही है। कांग्रेस के नेताओ ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाली दरअसल आज 2 अक्टूबर गांधी जयंती का दिन पर कांग्रेस पूरे प्रदेश मे मोटरसाइकिल व अन्य वाहनो से जनता के पास कांग्रेस भरोसा यात्रा के जरिए की जा रही है. कांग्रेस की योजनाओं के बारे में लोगो को बताया जा रहा है। साथ ही 15 सालो मे बीजेपी ने छत्तीसगढ़ मे क्या काम किया, क्या नहीं किया इसके बारे मे जनता को अवगत कराया जा रहा है यह भी माना जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी भरोसा यात्रा के जरिए चुनावी साल मे लोगो को साधने का काम कर रही है. यह यात्रा छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा मे निकाल रही है. जिसमें प्रत्येक विधानसभा में 30 किलोमीटर कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाल रही हैं। मतलब आज कांग्रेस छत्तीसगढ़ के 90 विधानसभा में 2700 किलोमीटर कांग्रेस भरोसा यात्रा निकलेगी.सुकमा पंचायत जिला अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक व अन्य नेताओ के नेतृत्व में यह भरोसे की यात्रा निकाली गयी। इस दौरान सुकमा जिला पंचायत अध्यक्ष हरिश कवाशी, सुकमा नगर पालिका परिषद अध्यक्ष राजू साहू, शेख सजार, राजेश नारा, कांग्रेस के सुकमा जिला अध्यक्ष महेश्वरी बघेल, सुनील यादव, वेक हुंगा, मनोज चौरसिया, शेख शादिक, रमेश राठी व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्वच्छता अभियान चलाकर अधिकारियों ने कालोनी में किया श्रमदान



**सुकमा 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत 01 अक्टूबर को एक घंटे श्रमदान के आवाहन पर लोगों ने स्वच्छता के लिए सड़क पर निकल पड़े। इसी तारतम्य में कृषि विज्ञान केंद्र के सहयोग से शबरी नगर स्थित जीएडी कॉलोनी में अधिकारियों ने श्रमदान कर आसपास की सफाई की। साथ ही परिसर के आसपास स्वच्छता बनाये रखने की भी शपथ ली। इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र सुकमा के विषय वस्तु विशेषज्ञ श्री राजेंद्र प्रसाद कश्यप, जिला वित्त अधिकारी श्री जगत, उप वित्त अधिकारी श्री भूआर्य, जिला रोजगार अधिकारी श्री एसके भारवे, जिला सांख्यिकी अधिकारी श्री भोजपाल, उपसंचालक कृषि श्री पीआर बघेल, सहायक संचालक उद्योग श्री भगत, उप अभियंता पीएचई श्री महला, श्रम निरीक्षक श्री सतानंद नाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सलाम सहित कॉलोनी के निवासी उपस्थित थे।15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाई जा रही इस स्वच्छता अभियान में कृषि विज्ञान केंद्र के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि प्रक्षेत्र, गादीरास, पूजारीपाल, मुरतोंडा सहित कई ग्रामों में स्वच्छता अभियान चलाया गया है।उल्लेखनीय है कि राष्ट्र को स्वच्छता का संदेश देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 154वीं जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत 15 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत लोगों ने गली-मोहल्लों में श्रमदान से सफाई को अंजाम दिया है।

### स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सेम्हरतरा एवं कोमा सरपंच सम्मानित



**राजिम, 3 अक्टूबर।** राजिम 15 सितंबर से 02 अक्टूबर तक ग्राम पंचायत सेम्हरतरा के समस्त ग्रामवासियो के सहयोग से प्रतिदिन गलियों की साफ सफाई का कार्य किया गया. जिसके कारण फिंगेश्वर ब्लॉक मे साफ-सफाई स्वच्छता के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने के लिए व वृक्षारोपण कार्य के लिए जिला पंचायत सीईओ रीता यादव व जिला पंचायत सभापति फिरतु राम कंवर के हाथों से फिगेंश्वर ब्लाक के सेम्हरतरा पंचायत के सरपंच सुंदर लाल साहू को सम्मानित किया गया वहीं स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत स्वच्छता को लेकर ग्राम पंचायत कोमा के सरपंच, उपसरपंच, सचिव एवं स्वच्छता ग्राही द्वारा पुरे ग्राम पंचायत कोमा में स्वच्छता अभियान चलाकर प्लास्टिक थैला, पालीथीन कचरे का प्राथमिकता के साथ हर महीने सफाई पर जोर दिया जाता है स्वच्छता को लेकर पूरे गांव की गली मोहल्ले चौक चौराहे साफ सफाई कार्यक्रम चलाया गया जिसे स्वच्छता ग्राही द्वारा सरपंच के मार्गदर्शन में अभियान को सफल किया गया इस दौरान सफाई में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए कोमा सरपंच को सम्मानित किया गया यह कार्यक्रम गरियाबंद विकासखंड के ग्राम फूलकर्रा (गरियाबंद) मे आयोजन किया गया था।

### मोंगरा में 157 आयुष्मान कार्ड का किया वितरण



**अंवरी।** डांडेसरा के अंतर्गत आश्रित ग्राम मोंगरा में आमनी साहू सरपंच के द्वारा गांव के 157 हितग्राहियो को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया और कहा कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान भारत कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस में बीपीएल परिवारों को 5 लाख तक का इलाज कराने की सुविधा है।उन्होंने कहा कि लोग इसका लाभ उठाएं और निरोग व स्वस्थ रहें। इस अवसर पर डॉ. के. बी.पाल, आरएचओ उषा कश्यप, सावित्री साहू, मितानिन शकुन साहू, धनेश्वरी साहू, नीरा रिगरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें ।



### गांधी जयंती पर कलेक्टोरेट परिसर में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दी पुष्पांजलि

**बीजापुर ।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा सहित जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारियों ने 02 अक्टूबर गांधी जयंती के उपलक्ष्य में कलेक्टोरेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया।इस दौरान कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर हमेशा चलने, उनके बताए गए सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपने व्यवहारिक जीवन में शामिल कर सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा दी महात्मा गांधी के त्याग, बलिदान एवं देश को स्वतंत्र कराने मे उनके योगदान की महती भूमिका है जो हमेशा याद किया जाएगा महात्मा गांधी जैसे महापुरुष के हम सदैव ऋणी रहेंगे।इस अवसर सभी अधिकारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री पवन कुमार प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर श्री दिलीप उइके, सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी गण एवं कर्मचारी मौजूद थे।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाया




**कांकेर 3 अक्टूबर ।** शासन के निर्देशानुसार जिले में गत दिवस 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन पुराना कम्युनिटी हाल कांकेर में किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव एवं विधानसभा क्षेत्र कांकेर के विधायक श्री शिशुपाल शोरी एवं विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमंत ध्रुव तथा नगर पालिका परिषद कांकेर के अध्यक्ष श्रीमती सरोज जितेन्द्र ठाकुर उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले के उपस्थित वृद्धजनों का फूल माला, तिलक एवं शाल, श्रीफल, स्वल्पाहार तथा भोजन कराया जाकर सम्मान किया गया, साथ ही वृद्धजनों को मतदाता जागरूकता के संबंध में शपथ भी दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम में भाग लेकर जिले के वृद्धजनों ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक श्रीमती क्षमा शर्मा एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

भाजपा हर वर्ग को सिर्फ ठगने का काम करती रही:विक्रम मंडावी

# समाज के हर वर्ग का भरोसा जीता है कांग्रेस ने: विमल सुराना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 3 अक्टूबर।** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ज़िला कांग्रेस कमेटी बीजापुर ने कांग्रेस भरोसा यात्रा निकाल कर प्रदेश सरकार के योजनाओं को जन जन तक पहुँचाया है। कांग्रेस भरोसा यात्रा भैरमदेव मंदिर भैरमगढ़ में पूजा अर्चना कर यात्रा प्रारंभ कर मदेदड में यात्रा का समापन किया गया। ज़िला मुख्यालय बीजापुर में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री एवं बीजापुर के प्रभारी विमल सुराना ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार के पांच साल पूरे होने वाले हैं. कांग्रेस की ओर से आज प्रदेश की हर विधानसभा में गांधी और शास्त्री जयंती पर कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन किया गया आज छत्तीसगढ़ के हर समाज का व्यक्ति कह रहा है कि उसे कांग्रेस पर भरोसा है क्योंकि उसने जो कहा वो किया। विमल सुराना ने कहा कि वहीं दूसरी ओर जब रमन सिंह जी के मुख्यमंत्रित्व काल के 15 बरस पूरे होने जा रहे थे तो समाज का हर वर्ग उनसे दुखी था। भाजपा का हर नेता कमीशनखोरी में डूबा हुआ था। खुद रमन सिंह जी भाजपा में कमीशनखोरी से दुखी थे, इसीलिए तो उन्हें कहना पड़ा था, ÷एक साल कमीशनखोरी छोड़ दो तीस साल तक सत्ता से कोई नहीं हटा सकता. उन्होंने आगे कहा भाजपा के 15 साल में किसानों को न 2100 रुपए प्रति क्विंटल का दाम मिला और न हर साल बोनस का वादा पूरा हुआ। दूसरी ओर कांग्रेस ने आते ही कर्ज़ माफ़ी का वादा पूरा किया और प्रदेश के 18 लाख किसानों के 9000 करोड़ का कर्ज़ माफ़ कांग्रेस की सरकार ने किया है। किसानों को 2500 रुपए प्रति क्विंटल देने का वादा निभाया और इस साल तो 2640 रुपए प्रति क्विंटल मिल रहे हैं. प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विमल सुराना ने कहा भाजपा की मोदी सरकार ने बोनस पर रोक लगाई तो कांग्रेस की भूपेश सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना देना शुरु किया। आज छत्तीसगढ़ का किसान देश का सबसे खुशहाल किसान है. इसी तरह छत्तीसगढ़ के आदिवासी देश के सबसे खुशहाल आदिवासी हैं। भाजपा के राज में आदिवासी महुआ सड़कों पर फेंकने पर मजबूर थे, अब कांग्रेस सरकार महुआ 30 रुपए किलो में ख़रीदती है. इतना ही नहीं अब 7 की जगह 67 तरह के लघु वनोपज समर्थन मूल्य पर ख़रीदती है. तेंदूपत्ता के संग्राहक खुश हैं कि 2500 की जगह 4000 रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है. भाजपा के शासन काल में लाखों लोगों के राशनकार्ड कटवाए गए थे, कांग्रेस की सरकार ने सबके राशन कार्ड बनवाए इसलिए प्रदेश में 99 प्रतिशत से अधिक लोगों के राशन कार्ड बन गए हैं और हर परिवार को 35 किलो चावल हर माह मिल रहा है आदिवासी इलाक़ों में नमक और गुड़ भी मिलता है। प्रेस को सम्बोधित करते हुए बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में 3000 स्कूल बंद किए गए थे. कांग्रेस ने न केवल बंद स्कूलों को खोला बल्कि स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल योजना से 700 से अधिक स्कूल खोले है। पूरे प्रदेश के स्कूलों के जीर्णोद्धार के लिए 1100 करोड़ रुपए दिए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम कॉलेज भी खुले और प्रदेश को चार नए मेडिकल कॉलेज भी मिले। स्वास्थ्य के नाम पर भाजपा के शासनकाल में अंखफोड़वा कांड, नसबंदी कांड, गर्भाशय कांड, नकली दवा कांड ही था। कांग्रेस के शासनकाल में हाट बाज़ार क्लिनिल, शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना और दाई दीदी क्लिनिक जैसी चलित अस्पताल की सुविधाएं मिल रही हैं. कांग्रेस सरकार में धनवन्तरी दवा दुकानें शुरु की गई जिसमें लाखों लोगों को 71 प्रतिशत तक सस्ती दवाओं की सुविधा मिली है. कांग्रेस की सरकार ने प्रदेश के हर घर में बिजली बिल हाफ़ कर दिया है जिससे ज़रूरतमंद परिवारों की बहुत बचत हुई है। कांग्रेस की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन लौटाई विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से लेकर सहायिकाओं तक सबकी तनख्वाह बढ़ाई. भाजपा के शासनकाल में बरसों से नौकरियां नहीं निकल रही थीं जबकि कांग्रेस सरकार में हज़ारों पदों पर भर्तियां हुई विक्रम मंडावी ने आगे कहा कि बेरोज़गारों को हर माह 2500 रुपए का भत्ता मिल रहा है प्रदेश में उद्योग व्यापार भी बढ़ा है अकेले राइस मिल की बात करें तो प्रदेश में 500 नए राइस मिल खुले हैं कुल मिलाकर भाजपा की रमन सिंह सरकार ने जनता का भरोसा खो दिया था और कांग्रेस की भूपेश सरकार ने जनता का भरोसा जीता है. हर वर्ग का भरोसा जीता है।

# ग्रामीणों की हत्या की न्यायिक जांच की मांग की

**सुकमा, 3 अक्टूबर ।** कोन्टा ब्लाक के गोमंपाड मे मूलवासी बचाओ मंच के नेतृत्व विगत 2 वर्षो से चल रहा आदोलन मे सीपीआई कार्यकर्ता पहुंचे। मूलवासी बचाओ मंच के कार्यकर्ता ने गोमपाड मे 1 अक्टूबर 2009 को हुई 12 ग्रामीणो कथित हत्या के विरोध मे और सभी मारे गये ग्रामीणो बरसी के रूप मे मनाया गया और सरकार से न्यायिक जांच कर न्याय देने व मृतक परिवारो का 1 -1 करोड देने की मांग कर रहे है, और आगे इस तरह घटना आदिवासियो के साथ न होने कि मांग कर रहे है।इसी तरह अन्य जगह बार बार घटना हो रहे है, सरकार इस तरह कि घटना को लेकर गंभीर नही है , इसलिए शान्तिपूर्ण तरीके से आदोलन के माध्यम से इन तमाम आदिवासियो की परेशानियो के लिए लेकर सरकार को अवगत करा रहे है। लेकिन सरकार गभीर नही है।

सीपीआई के कार्यकर्ताओ ने गोंमपाड पहुंचकर तमाम समस्याओ को सभा के सामने रखे, एआईएसएफ के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुंजाम , कोसा सोडी, इरफान खान व्दारा सभा सम्बोधित करते हुए आगे कहा कि पुरे बस्तर मे आदिवासी सुरक्षित नही है, इस तरह की घटनाओ से आदिवासी ही मारे जा रहे है गोमपाड, सारकेगुडा, एडसमेटा ,चिगाराम , ताडमेटला जैसे कथित फर्जी मुठभेड मे हमारे आदिवासी ग्रामीण मारे जा रहे है, इस पर कोई पीडित परिवारो को न्याय नही मिल रहा है, इस कारण आदोलन किया जा रहा है यह जायज मांग है, सरकार को इस मांग को अमल करना चाहिए और किया जाय। आगे कहा कि वर्तमान भूपेश व लखमा सरकार पूर्व मे वादा किया था कि माओवाद से शान्ति लाया जायेगा, नक्सली के नाम मे जेलो मे बन्द निर्दोष आदिवासियो को रिहा करने की बात की थी। पेशा कानून का अमल करने, रोजगार देने जेल भेजना बन्द करने की बात किया गया था। लेकिन आज भी फर्जी मुठभेड, जेल भेजना आदिवासायो के साथ अत्याचार करना नही थमा है।इसलिए ये तमाम मांगो को विधासभा मे बात रखने वाला अच्छा विधायक को भेजने की जरूरत है।हम सभी को लडाई के साथ लोकतंत्र का हिस्सा बनकर वोट करने की, अब जरूरत है। सभी आम जनता से चुनाव मे भाग लेने की अपील किया है।

### जातीय जनगणना बिहार में हो सकता है तो छत्तीसगढ़ और देश में क्यो नहीं: शत्रुहन सिंह साहू

**अंवरी।** अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से संबद्ध ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ द्वारा उठाए गए जातिगत जनगणना को बिहार सरकार के द्वारा सफलता पूर्वक पूरा कर आज गांधी जयंती के अवसर पर उसे सर्वजनिक किया जिसका स्वागत करते हुए संघ के राष्ट्रीय महासचिव व ओ.बी.सी. संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू



ने छत्तीसगढ़ राज्य सरकार एवम केंद्र सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जब बिहार सरकार के द्वारा तमाम कानूनी अड़चनों के बावजूद भी जातीय जनगणना कर उनका रिपोर्ट प्रकाशित कर सकता है तो ओबीसी हितैषी होने का दंभ भरने वाले भूपेश बघेल व नरेंद्र मोदी सरकार को किन ताकतों ने जातीय जनगणना के लिए रोक रखा है ।और यदि ऐसा नहीं है तो ओबीसी की जातीय गणना से दूर क्यों भाग रहें है ।उन्होने प्रदेश की भूपेश सरकार और केंद्र की मोदी सरकार से छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में ओबीसी हित में जातीय गणना करवा कर सभी वर्गों को आबादी के अनुपात में समान हिस्सेदारी प्रदान करने का कानून पास कर गांधीजी की समाजिक न्याय की परिकल्पना को पूरा करने का निवेदन किया ।

## समाचार संक्षेप

### कांग्रेस सरकार जो कहती है,करती है



**सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मंत्री कवासी लखमा जी कोर्रापाड व पुनपल्ली पहुँचे जँहा लोगो ने ढोल नगाड़ो के साथ भव्य स्वागत किया। इसे देख स्वयं मंत्री जी खुद को रोक नही पाये ओर उन्होंने ढोल बजाकर ग्राम वासियों का अभिवादन किया। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा की कांग्रेस की सरकार जो कहती है वो करती है चाहे वो कर्ज माफी हो या 2500 में धान खरीदी या फिर आदिवासी विश्व दिवस की छुट्टी देनी हो। आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने से बस्तर में शांति हो रही है, नक्सल प्रभावित इलाको में आज राशन, बिजली, पानी, रोड पहुँच रहा है। आज पोलमपल्ली में डामररोड का निर्माण हो रहा है इसके साथ ही मिसमा, टिन, भेजी, रेगडगट्टा, गुफ़नपल्ली में रॉड का निर्माण करवाये जाने की पहल की जा रहा है। 15 साल की भाजपा की रमन सिंह की सरकार लोगो के राशन कार्ड को बनाने का कम काटने का ज्यादा करती थी, आज हमारी सरकार में सभी वर्ग के लोगो का राशन कार्ड बनवाकर वितरण करने का काम कर रही हैं।कोंटा के लोग भाजपा को वोट देते समय याद रखें की सलवा जुडूम इनकी ही देन थी, आदिवासियों को आपस मे लड़ाने का काम, पूरा गांव के गांव खाली कराने का कोई जिम्मेदार है तो वो भाजपा की रमन सरकार है क्या ऐसे लोगो को पुनः वोट देकर सलवा जुडूम को लाना है। ऐसे लोगो को वोट मांगने का अधिकार नही है। मनीष कुंजाम दो बार का विधायक रहा लेकिन जनता के लिए कुछ भी नही कर पाया। लोगो को डरा धमका कर रैली में आने के लिए कहता है। मुझपर बेबुनियाद आरोप लगाने का काम करता है। ऐसे लोग समाज का कभी भला कर सकते है! ये केवल लोगो को भ्रमित करने का काम करती है किसी के बहकावे में नही आना है। कांग्रेस पार्टी हमेशा से ही आदिवासियों के हित में काम करते आ रही है और आगे भी करते रहेगी। आने वाले समय मे पुनपल्ली में 50 लाख की लागत से खेल मैदान का निर्माण करवाया जायेगा। आज आपके गांव में बिजली, पानी, सड़क पहुंच चुका है, ओर भी कोई समस्या है तो मुझे अवगत कराये। हमारी सरकार विभिन्न योजना जैसे गोबर खरीदी, गौ मूत्र ख़िरीदी, तेंदुपत्ता खरीदी, महुआ खरीदी, धान खरीदी आदि के माध्यम से गरीब के जेब में पैसा डालने का काम कर रही है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस की सरकार आदिवासियों को वादा किये थे की जेल में बंद बेगुनाह आदिवासियों को छोड़ा जायेगा, सरकार बनते ही सबसे पहले बेगुनाह लोगो को छोड़ने का काम किया गया। आने वाले समय मे पुनः कांग्रेस का हाथ मजबूत करते हुए कांग्रेस पार्टी को समर्थन देते हुए प्रचंड बहुमत से विजयी बनाना है।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को सम्मानित किया



**सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वीप गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हरिस. एस के निर्देशन में आज अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर शबरी आडिटोरियम भवन कुम्हाररास सुकमा में जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में जो 80 वर्ष से अधिक आयु के हैं, उन वृद्धजनों का सम्मान किया। उन्हें मतदान प्रक्रिया से जोड़ने अभिनव पहल किया गया ताकि उनका मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिसमें कोंटा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वृद्धजन सम्मान समारोह में शामिल हुए। इस दौरान वृद्धजनों को साल एवम् श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ जनों का श्रीफल एवं वॉकिंग स्टिक देकर सम्मानित किया गया। वृद्धजन सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में वृद्धजनों की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करना है।सम्मान समारोह के बाद स्वीप की गतिविधियों जैसे निर्वाचन एवं मतदाता जागरूकता से संबंधित मतदाता भाषण एवम् वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम में स्वतंत्रता, निष्पक्ष मतदान की शपथ दिलाई।उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रवेश पैकरा ने 80 वर्ष या उससे अधिक वर्ष आयु वर्ग के एवम् प्रथम बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान सम्बंधी आधिकार से अवगत कराया। साथ ही ईवीएम का प्रदर्शन के दौरान, डिप्टी डीईओ ने वृद्धजन एवं युवा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। संयुक्त कलेक्टर श्री दुलीचंद बंजारे ने अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धजनों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने मानव के जीवन में हर कदम में वृद्ध जनों की महत्व को बताया। साथ ही अपने अनुभवों को साझा किया।कार्यक्रम का संचालन डीडी समाज कल्याण विभाग श्री संजय पांडेण्य ने किया। इस दौरान उन्होंने शासन द्वारा वृद्धजनों के लिए संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया।इस अवसर पर एसडीएम सुकमा सुश्री प्रीति दुर्गम, डिप्टी कलेक्टर श्री अजय मोड़ियम, सीएमओं सुकमा श्री स्वीप नोडल प्रोफेसर शाहिद बापू राव पीजी कॉलेज श्री महेश नागरची, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका सुकमा सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण एवम् लगभग 500 वृद्ध जन एवं 1000 छात्रगण शामिल हुए।

### अंदकुरी गांडा समाज ने किया जिला स्तरीय नवा खाई जोहर भेंट कार्यक्रम का आयोजन



**सुकमा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंदकुरी गाडा समाज जिला कोंडागांव के तत्वाधान में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 दिन रविवार को मर्दापाल क्षेत्र के ग्राम गोलवण्ड में समाज द्वारा सदियों पुरानी परंपराओं को सर्वप्रथम गांव के मुख्य देवी माता मावली, जिम्मेदारी, बुढ़ादेव, डूमा, डायना का अगवानी कर सेवा पूजा उपरांत समाज के नाईक, पाइप, सगा, सियान के उपस्थिति में विधिवत्त सेवा पूजा उपरांत आपस में बड़े आत्मीयता के साथ एक दूसरे से गले मिलते हुए कुढ़ाई पान में नया चावल की चिवड़ा जो समाज के ही बेटी बहनों के द्वारा बनाकर एक दूसरे के मस्तक पर टिका करते हुए हर्ष उल्लास के साथ मोहरी में वादन करते हुये नवा खाई जोहार भेट कार्यक्रम किया गया । इस कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष सुशील दर्रो, सचिव श्री अनिल कोर्राम, नवल मरकाम, जिला अध्यक्ष श्री करन कोर्राम, जिला सचिव बुधमन कुलदीप, राजेश मरकाम, युवा जिला अध्यक्ष श्री वीरेंद्र बघेल, कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनीराम मरकाम, दिनेश गंधर्व, एम.आर. मरकाम, चरण सिंह गंधर्व, सुनील बघेल, युवा सचिव संजय कोर्राम, ब्लॉक अध्यक्ष युवा दयासागर मरकाम व पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गाप्रसाद मंडावी, ब्लॉक अध्यक्ष हन्नू राम बघेल मर्दापाल एव प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य, जिला कार्यकारणी सदस्य, सातों ब्लॉक के अध्यक्ष वरिष्ठ प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं जिला के समस्त मंडल के सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## एक नजर



### फसल क्षतिपूर्ति न मिलने पर चिंता जताई

**महासमुंद, 3 अक्टूबर।** पूर्व विधायक डॉक्टर विमल चोपड़ा के नेतृत्व में जोबा कला के किसानों की बैठक रंगमंच में आयोजित की गई जिसमें जोबा कला में रबी फसल की ओलावृष्टि के दौरान हुई फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा अब तक न मिलने पर किसानों ने चिंता व्यक्त की ग्राम वासियों ने एक स्वर में तय किया कि भारतीय जनता पार्टी के झलप पटेवा मंडल द्वारा आयोजित 3 अक्टूबर के प्रदर्शन में ग्राम से प्रत्येक प्रभावित परिवार से एक व्यक्ति पटेवा तहसील कार्यालय जाएगा एवं अपनी क्षतिपूर्ति की राशि की मांग करेगा ग्रामीणों ने कहा कि खल्लारी क्षेत्र के किसानों को यह राशि वितरीत कर दी गई है परंतु महासमुंद के विधायक एवं कांग्रेसी नेताओं की निष्क्रियता के कारण यह क्षेत्र अपने अधिकार से वंचित है जिसका संघर्ष भारतीय जनता पार्टी कर रही है कुछ किसानों पर इस बात पर आक्रोश व्यक्त किया गया कि क्षेत्र के कांग्रेस के बड़े नेताओं ने अपनी फसल की क्षतिपुर्ति की राशि ले ली और अन्य किसानों की सुध नहीं ली। इस प्रकार की कांग्रेस नेताओं की स्वार्थ परक नीति को लेकर क्षेत्र के किसानों में भारी नाराजगी है जिसका सबक आने वाले चुनाव में देखने को मिलेगा।

### बारिश के बाद तुरंत चालू होगा सड़कों का निर्माण कार्य

**रायगढ़, 3 अक्टूबर।** सड़कों का निर्माण रखें सर्वोच्च प्राथमिकता में, कलेक्टर श्री सिन्हा ने ईई पीडब्ल्यूडी को दिए सख्त निर्देशरायगढ़, 1 अक्टूबर। बारिश रुकने के पश्चात सड़कों की मरम्मत का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ शुरू होगा। कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने इस संबंध में पिछले दिनों बैठक लेकर ईई पीडब्ल्यूडी को कड़े निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा है कि बरसात समाप्त होने को है जिसके पश्चात सड़कों में गड्ढों को भरना, पैच वर्क और मरम्मत के साथ सड़क निर्माण कार्यों में पूरी तेजी लाई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत अधिकारियों को दी है। इस संबंध में ईई पीडब्ल्यूडी श्री आर के खांबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि बारिश के चलते काम की गति धीमी हुई है। बारिश की समाप्ति के पश्चात् पूरी तेजी से सड़कों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा गया है। इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई हैं।

### महाश्वेता शिशु मंदिर के बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**अंवरी, 3 अक्टूबर।** महाश्वेता शिशु मन्दिर सुपेला मे स्वच्छता अभियान के तहत साफ सफाई का कार्यक्रम किया गया जिसमें विद्यालय परिसर एवं साहू समाज भवन,सामुदायिक भवन एवं सहाड़ा देव चौक का साफ सफाई किया गया7 जिसमें प्रधान पाठक हितेंद्र साहू, शिक्षक,शिक्षिका,स्कूली बच्चें सफाई अभियान में शामिल हुए जिसकी ग्रामीणों के द्वारा सराहना किया गया।

### प्रदेश के गोठानों में हो रही गोवंशों की मौत की जिम्मेदार प्रदेश सरकार है : योगेश्वर

**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस ने जब राजधानी रायपुर के तूता में राहुल गांधी की सभा किया था उस समय दूषित भोजन खाने से 50 से अधिक गायों की मौत हो गई थी। इसके बाद भी कांग्रेस सरकार ने दूषित भोजन खाने से हुए गोवंशों की मौत को लेकर अपनी चुप्पी साधे रही, लेकिन प्रदेश सरकार न कोई भी मंत्री या जिम्मेदार व्यक्ति गांव में जाकर अपनी संवेदन व्यक्त भी नहीं किया और न ही पशु पालकों को अभी तक मुआवजा मिल पाया।

आवास योजना को लेकर विशेष ग्राम सभा की बैठक

# मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना में कांग्रेस नेताओं के नाम होने से ग्रामीण नाराज





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 3 अक्टूबर।** ग्राम पंचायत कोपरा में विगत दिवस विशेष ग्राम सभा आयोजित कर मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के सूची में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ बड़े परिवार संबंधित लोगों को लाभ देने की बात ग्रामीण के द्वारा ग्राम सभा में हंगामा हुआ जिसके बाद भाजपा वालो ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए योजनाओं में तानाशाही का आरोप है। जिसमे कहा गया कि राज्य सरकार अपने ही कांग्रेसी लोगो को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से यह आवास सूची जारी किया गया हैं।वर्तमान में 44 हितग्राहियों की सूची में आया हैं।उसमें बड़े परिवार एवं जिसके पास पक्का मकान हैं।उसकी संख्या अधिक हैं।कोपरा की गरीब आवास हीन विधवा महिला त्रिवेणी साहू ने कहा कि मेरे पति भी नहीं हैं दो पुत्र हैं।रोजी मजदूरी करके जीवन यापन करती हूं।मुझे पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा की सरकारी आंगनबाड़ी भवन को रहने के लिए दिया गया हैं।जिसमें मैं चार पाँच साल से हूँ मेरा मकान छतिग्रस्त हो गया हैं।वहीं पैरी नगर के पोखराज यादव, दशरू यादव,मनीषा यादव,सुमित्रा यादव,सीमा निषाद,कुमारी साहू,रेवती यादव,खोरबहरीन निर्मलकर ने कहा कि हम सभी के मकान कच्चा एवं खदर छा के हैं।बारिश के दिनों में पानी भी भर जाता हैं।लोगों ने बताया कि पंचायत में हम लोग आवेदन पत्र दिया हैं।सर्वे करने के लिए भी लोग आए थे उसके बाद भी हम लोग का नाम आवास योजना की सूची में नाम नहीं हैं।बड़े नेताओं के परिवार के नाम आवास सूची में हैं।सरपंच योगेश्वरी साहू ने कहा कि कोपरा में सर्वे के लिए जो बाहर से शिक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा घर जा कर किया गया हैं।हमें सूची जनपद पंचायत से मिली उसके बाद ग्राम पंचायत में 44 लोगों की सूची चस्पा किया गया उसके बाद मुझे इस बात की जानकारी हुई।

## आंगनबाड़ी तुमला में पोषण वाटिका का निर्माण कर बच्चों,महिलाओं को कुपोषण मुक्त करने हुई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 3 अक्टूबर ।** इमर्सन के दौरान पीरामल फाउंडेशन से गांधी फेलो गोपीनाथ पात्रा, आईसीडीएस सेक्टर पर्यवेक्षक शिला नाग, पंचायत सचिव बोंडकु राम ओपोडियामी, ग्राम सभा अध्यक्ष सुधराम कोरसा, वार्ड पंच जीतेंद्र लेपम, राजीव युवा मितन क्लब के अध्यक्ष संजय मिच्चा, सचिव रमेश मिच्चा और की सक्रिय भागीदारी के साथ तुमला गांव के लोगों की उपस्थिति से गुदमा ग्राम पंचायत के अंतर्गत तुमला आंगनवाड़ी केंद्र में पोषण वाटिका का निर्माण किया गया। बच्चों और महिलाओं में कुपोषण और एनीमिया की समस्याओं पर भी चर्चा की गई। पोषण, गर्भावस्था देखभाल के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। गांव के विकास में युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गयी. उस दिन एक स्वस्थ नागरिक बनने के साथ ही उन्होंने स्वस्थ भारत, शिक्षित भारत और सशक्त भारत बनाने का संकल्प लिया।

## एसपी ने लोगों को स्वतंत्र,निष्पक्ष मतदान करने की दिलाई शपथ




**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कुमार कटारा की उपस्थित मे नया बस स्टैंड बीजापुर मे आयोजित स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के दौरान आगामी विधानसभा निर्वाचन को मद्देनजर रखते हुए जिले के पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने विशाल जनसमूह को निष्पक्ष, स्वतंत्र और बिना किसी डर,भय,दबाव एवं प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने शतप्रतिशत मतदान करने शांति व्यवस्था को बनाए रखने और लोकतंत्र की मजबूती के लिए अनिवार्य रुप से मतदान करने की शपथ दिलाई इस अवसर पर जिला प्रशासन,सीआरपीएफ, जिला पुलिस के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं विशाल जनसमुदाय ने उपस्थित होकर शपथ ली।

खिलाड़ियों को उनकी काबिलियत के अनुसार किया जायेगा भुगतान,अग्रवाल नवयुवक समिति का नई कार्यकारिणी गठित

# आईपीएल की तर्ज पर अग्रसेन जयंती पर होगी क्रिकेट प्रतियोगिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता







**पत्थलगांव, 3 अक्टूबर।** अग्रवाल नवयुवक समिति का नया गठन के साथ ही नये कार्यक्रमों की भी रूपरेखा तैयार कर ली गयी है। इस बार अग्रसेन जयंती महोत्सव में नये-नये खेलों के साथ जयंती का आगाज किया जायेगा। सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र इस बार की क्रिकेट प्रतियोगिता है,जिसे अपने पुराने स्वरूप से हटाकर नयी रूपरेखा के साथ तैयार किया गया है। अग्रवाल नवयुवक समिती के शिखर बंसल,सारांश मित्तल,ऋषभ जिंदल ने बताया कि आई.पी.एल की तर्ज पर इस बार अग्रसेन जयंती में क्रिकेट प्रतियोगिता करायी जायेगी,जिसका मुख्य आकर्षण खिलाडीयों की काबिलियत की हिसाब से उनकी कीमत लगाना है,जिसके लिए समिति ने हुबहु आई.पी.एल की तर्ज पर रूपरेखा तैयार की गयी है,जिसमें 7 खिलाड़ियों की एक टीम बनायी जायेगी,कुल 14 टीम के 98 खिलाडीयों को नीलामी प्रक्रिया के तहत टीम स्पांसर द्वारा बोली लगाकर खरीदा जायेगा। ये सभी खिलाडी अग्रसेन जयंती के दौरान होने वाली प्रतियोगिता मे अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। इन दिनो अग्र समाज मे आई.पी.एल की तर्ज पर होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर काफी चर्चा हो रही है,खिलाडीयो मे बेहद उत्साह देखा जा रहा है,इस प्रतियोगिता मे भाग लेने वाले सभी खिलाडी अपने हुनर का प्रचार कर खुद की सबसे अधिक बोली लगवाने की होड मे लगे हुये है। प्रतियोगिता को लेकर अग्रवाल सभा के लोग भी काफी उत्साहित है। इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने मे नवयुवक समिति के साथ मधुवन का विशेष योगदान रहेगा। प्रथम विजेता को 15100 रूपये नगद के साथ ट्रॉफी दी जायेगी,वही उपविजेता को 7100 रूपये नगद के साथ ट्रॉफी दी जायेगी।।

**नवयुवक समिति का हुआ गठन-** 7 अक्टूबर दिन शनिवार से आयोजित होने वाले अग्रसेन जयंती के कार्यक्रम को संपन्न कराने के लिए नवयुवक समिति का गठन किया गया है,जिसमे हैप्पी किशन गर्ग को अध्यक्ष बनाने के बाद उन्होने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया,जिसमे सचिव शिखर बंसल,कोषाध्यक्ष प्रतीक गर्ग,इंवेट मैनेजर सारांश अग्रवाल,संपादक पियुष गर्ग को चुना गया। इसके अलावा उपाध्यक्ष नमन बंसल,आयुष बंसल,आयुष गर्ग,सचिन गोयल को बनाया गया है,सहसचिव ऋषभ जिंदल,चिराग अग्रवाल,सहकोषाध्यक्ष गौरव गर्ग,स्वयं बंसल को बनाया गया है,कार्यक्रम संचालन की जिम्मेदारी नेहल सिंघल,नमन अग्रवाल,प्रियष अग्रवाल,यश अग्रवाल को दी गयी है,क्रीडा प्रभारी के रूप मे विशेष अग्रवाल,वीर सिंघल,आर्यन अग्रवाल,देवांश अग्रवाल, सोमिल सिंघल,आदित्य गर्ग,हर्ष गर्ग,अक्षय सिंघल,सुजल अग्रवाल,मयंक बंसल,संकेत गोयल,शिवांश गर्ग,आर्यन बंसल, आकाश अग्रवाल,सिद्धार्थ गर्ग को चुना गया है।।

**7 से 15 अक्टूबर तक होंगे विविध कार्यक्रम-:** नवयुवक समिती के प्रतीक गर्ग,पियुष गर्ग, नमन बंसल ने बताया कि 07 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा,जिसमे बच्चों के लिए विविध वेशभुषा,फुग्गा फोड,ट्राई सायकल रेस,जलेबी दौड,कुर्सी दौड, निशाना लगाओ,लंबी दौड,रंग भरो,स्केच बनाओ जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। वही महिलाओ के लिए मीठा बनाओ,गुपचुप खानो,स्लो स्कूटी रेस,पंजा लडाओ,घर-घर की कहानी,गोल्डन ईरा,फेंटा पिओ,नोट गिनो,लडडु गोपाल की पोशाक सजाओ,पार्थिव शिवलिंग बनाओ जैसी अनेक प्रतियोगिता रखी गयी है।।

## समाचार संक्षेप

### गायत्री परिजनों ने की स्वच्छता अभियान के तहत सामूहिक सफाई



**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान मिशन देशभर में व्यापक रूप से राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है । इस अभियान के अंतर्गत 1 अक्टूबर 2023 को अखिल विश्व गायत्री परिवार जिला ट्रस्ट बीजापुर भी स्वच्छ मन, स्वस्थ शरीर और अच्छे विचार जो गायत्री परिवार के प्रणेता परम पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के सप्त सूत्रीय आंदोलन में से एक मुख्य सामाजिक आंदोलन है उसे ही सामूहिक साफ सफाई कर सामाजिक चेतना जागृत करने का काम किया। गायत्री परिजनों ने प्रातः10ः00 बजे से 11ः00 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ में बाल संस्कार शाला समापन के पश्चात परिजनों एवं बाल संस्कार शाला की आचार्य दीदी एवं बच्चों के साथ शक्तिपीठ परिसर, शिव मंदिर परिसर एवं आत्मानंद स्कूल परिसर तथा इंदिरा मार्केट में सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान का नेतृत्व बाल संस्कारशाला की संचालिका कुमारी मानसी सिंह एवं जिला समन्वयक विजय बहादुर राजभर, जयपाल सिंह राजपूत एवं वरिष्ठ परिजन राम यश विश्वकर्मा ने किया।

### नए व पुराने बसस्टैंड में स्वच्छता अभियान चलाया



**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरे देश में दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को ''स्वच्छता ही सेवा'' के अंतर्गत विशाल स्वच्छता अभियान ''एक तारीख, एक घण्टा, एक साथ'' चलाया गया। इस क्रम में बीजापुर के नये व पुराने बस स्टैण्ड पर 85 बटालियन, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में 170 व 229 बटालियलन केरिपुबल, स्थानीय प्रषासन, जिला पंचायत एवं स्थानीय नागरिकों की भागीदारी के साथ प्रातः 10ः00 बजे से 11ः00 बजे तक विषाल स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस देशव्यापी अभियान में सभी लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया एवं बीजापुर के नये व पुराने बस स्टैण्ड के साथ मार्केट एरिया को भी स्वच्छ कर स्वच्छता के महत्त्व का संदेष दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेन्द्र कुमार कटारा (भा.प्र.से.) जिलाधिकारी, बीजापुर के साथ जे.वी. तुसिंग, कमाण्डेन्ट, 85 बटालियन, केरिपुबल, किशोर कुमार, कमाण्डेन्ट, 170 बटालियन पुष्पेन्द्र कुमार, कमाण्डेन्ट, 229 बटालियन, रवि कुमार साहू, सी.ई.ओ. जिला पंचायत, बीजापुर, आंजनेय वार्ष्णेय (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक, बीजापुर, वी.के.एस. पॉल दास, सी.एम.ओ. नगरपालिका, बीजापुर, हरिओम सागर, द्वितीय कमान अधिकारी, परिचालन रेंज, केरिपुबल, बीजापुर, कृष्णा रेड्डी, जिला कोऑर्डिनेटर, विनीत कुमार साहू, उप अधीक्षक, डी.आर.जी. बीजापुर, श्रीमती रेनू गुप्ता, सी.ओ., एन.आर.यू.एम. बीजापुर, श्रीमती अनामिका सोनी, उज्वला संगठन के साथ अन्य विभागों के अधिकारी व कार्मिक एवं भारी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया एवं स्वच्छता अभियान को सफल बनाया।

### स्कूलों में सामूहिक रूप से सफाई की गई

**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



केंद्र, राज्य एवम् जिला कार्यालय के निर्देशानुसार ग्राम तोयनार अंतर्गत सभी विद्यालयों में स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम का अयोजन किया गया। सभी विद्यालयों के परिसर के अन्दर एवम् बाहर, पंचायत भवन परिसर, बाजार और सड़क किनारे कई स्थानों पर साफ सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवम् ग्रामीणों को स्वच्छता की जानकारी दी गई। तथा स्वच्छता हेतु शपथ लिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत तोयनार के सरपंच श्री विजय शाह मंडावी सचिव कोराम कमरैया, ग्रामीण शंकर कनक, संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रेम प्रकाश चापड़ी, अधीक्षक ईकबाल खान, लंबूदर ठाकुर,, सड़वल मोरला, त्रिलोचन साहू एवम् सभी शालाओं के सभी प्राचार्य , प्रधान अध्यापक शिक्षक, विद्यार्थी ,कर्मचारी एवम् ग्रामीण उपस्थित रहे ।

### वृद्धजन दिवस पर जिले के वृद्धजनों का किया सम्मान

**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा एजुकेशन सिटी परिसर के समर्थ दिव्यांग पुर्नवास केन्द्र में वृद्धजन सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष श्रीमती बोधी ताती ने सभी वृद्धजनों को शाल और श्रीफल भेटकर सम्मानित कर आशीर्वाद लिया इस दौरान श्रीमती



बोधी ताती ने वृद्धजनों, अपने-अपने माता-पिता, बड़े बुजुर्गो का सदैव ध्यान रखने उनकी जरुरतों का ध्यान रखने उन्हें पर्याप्त समय देने एवं सदैव आदर और सम्मानपूर्वक व्यवहार करने बात कही। घर के बड़े बुजुर्गो की छाया मे हमारा बचपन और जवानी संवरता है। उनके मार्गदर्शन और आशीर्वाद के बगैर कोई भी अपना मुकाम हासिल नहीं करता उनकी देखभाल करना हमारा दायित्व है। बड़े बुजुर्ग जिस घर में खुश रहते है वहां कभी भी अशांति नहीं रहती, घर का माहौल खुशनुमा रहता है। उपस्थित सभी जनों को हमेशा अपने बड़े बुजुर्गो और वृद्धजनों का सम्मान करने और उनका ध्यान रखने का संकल्प लेने की बात कही। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष श्री सोनू पोटाम, सीएमओ बीजापुर श्री पॉल दास, श्री जाकीर खान सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### रोड सर्च आपरेशन के दौरान कोतरापाल से 1 माओवादी गिरुफ्तार

**बीजापुर, 3 अक्टूबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** जिले में संचालित



माओवादी विरोधी अभियान के दौरान थाना जांगला एवं केरिपु 199/श्व कंपनी का संयुक्त बल रोड सर्च आपरेशन डयूटी पर निकली थी ।अभियान के दौरान कोतरापाल से 01 माओवादी जनमिलिशिया सदस्य तुलसी पोड़ियामी ऊर्फ मंगो पिता गड़िया उम्र 35 वर्ष निवासी लखापालपारा कोतरापाल थाना जांगला को पकड़ा गया । जो दिनांक को 28/01/2023 को मातागुड़ीपारा कोतरापाल में आरक्षक सोमडू पोयाम का अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था । पकड़े गये माओवादी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया गया । उक्त के विरुद्ध थाना जांगला मे 01 स्थाई वारंट लंबित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना जांगला में वैधानिक कार्यवाही के उपरान्त माननीय न्यायालय दंतेवाड़ा पेश किया गया है ।

# गरियाबंद जिले के 46 शिक्षक सम्मानित




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम, 3 अक्टूबर।** जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अमितेश शुक्ल जिला पंचायत अध्यक्ष स्मृति ठाकुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम जिला प्रशासन से प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत सहायक जिला परियोजना अधिकारी बुद्ध विलास सिंह जिला मिशन समन्वयक खेल सिंह नायक जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हफीज खान की गरिमामय उपस्थिति में जिले के 46 शिक्षकों का सम्मान किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रधान पाठक प्राथमिक स्तर के पांच माध्यमिक स्तर से पांच ज्ञानदीप से छह शिक्षक शिक्षादूत से 30 शिक्षकों का सम्मान किया गया साथ ही साथ प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान राशि श्रीफल साल भेंट कर जिले में अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान समारोह में उपस्थित समस्त शिक्षकगण सम्मान पाकर बहुत ही उत्साहित नजर आए इस कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र शर्मा गिरीश शर्मा ,तेजस शर्मा के द्वारा किया गया जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मरकाम सर, नायक सर एवं अन्य सहयोगियों का साथ मिला जिससे इस गरिमा में आयोजन में जिले में अच्छे कार्य करने वाले शिक्षकों के सम्मान करते हुए स्थानीय विधायक अमितेश शुक्ल ने शिक्षकों को समाज का आधार एवं नींव बताया साथ ही शिक्षक एक मार्गदर्शक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने अपने छात्र जीवन का अनुभव विस्तृत रूप से बताया हर वर्ष जिले के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाता है जिससे जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जा सके और जिले को उत्कृष्ट कार्यो से एक अलग स्थान दिलाने में सफलता मिल सके जिला गरियाबंद के पांचों ब्लॉक के 46 शिक्षकों का विभिन्न कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान रहा साथ ही साथ आगे भी जिले स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों में सहभागिता के साथ अपनी उपस्थिति देते रहेंगे और जिले का नाम राज्य स्तर पर भी ले जाने का प्रयास करते रहेंगे जिला स्तर पर आयोजित इस सम्मान समारोह में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने शिक्षकों के सम्मान को बहुत ही उत्कृष्ट कार्यक्रम कहा है और आगे भी अन्य मंचों के माध्यम से शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित करते हुए शिक्षक को सम्मानित किया जाना चाहिए।

## गांधी जयंती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा की



**राजिम, 3 अक्टूबर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर संसदीय सचिव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी,जिला शिक्षा अधिकारी नवीन भगत एवं जिला सचिव रोमन लाल साहू के मार्गदर्शन एवं डी ओ सी स्काउट सीमा साहू व डी ओ सी गाइड सीमा साहू के नेतृत्व में गाँधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर पेंशनर्स भवन राजिम में सर्वधर्म प्रार्थना सभा कार्यक्रम का आयोजन नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर व संजय एक्का प्राचार्य स्वामी आत्मानंद विद्यालय राजिम के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न धर्म के अनुयायियों डेरा पाठ का आयोजन किया गया जो स्काउट की निर्धारित प्रार्थना है। मुख्य अतिथि रेखा सोनकर ने कहा कि महात्मा गाँधी सत्य, अहिंसा के पुजारी थेद्य देश को आजाद कराने में गाँधी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है द्य आप सभी गाँधी जी के बताये हुए मार्ग पर चलकर उनके सिद्धांत एव आदर्श को आत्मसात करना चाहिए. उन्होंने आगे स्वच्छता पर जोर देते हुए कहा कि स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मन निवास करती है द्य हमे अपने आसपास के वातावरण को साफ सुथरा रखना चाहिए.प्राचार्य संजय एक्का ने कहा कि आज पूरा देश गाँधी एवं शास्त्री जयंती मना रहे हैं.गांधी जी का सिद्धांत सादा जीवन उच्च विचार था.उन्होंने आगे कहा कि आज के युवा कल के भविष्य है. हमे सकारात्मक सोंच के साथ कार्य करना चाहिए तो निश्चित ही सफ़लता मिलेगी. जिला सचिव रोमन लाल साहू ने कहा कि नशा नाश की जड़ है.नशापान के सेवन से शारीरिक,मानसिक और बौद्धिक विघटन हो जाता है.इस अवसर पर डी ओ सी आशीष साहू, सीमा साहू,जिला भोजन प्रभारी प्रेमलाल साहू,जिला मीडिया प्रभारी पूरन लाल साहू रवि तारक,विक्रम ठाकुर स्काउट गाइड व रोवर रेंजर उपस्थित थे।

## एक नजर

### पोथी पाठ के तीसरे दिन लोगों ने पूजा कर पितरों को याद किया



तिल्दा-नेवरा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। श्री 1008भागवत के मूल पाठ में व्रदावन के सैकड़ो की संख्या में आए आचार्य द्वारा पोथी भागवत का पाठ प्रतिदिन सुबह सात बजे से नो बजे तक चल रहा है पोथी पितृ मोक्ष के लिय सभी परिवार अपने अपने पितरों की पूजन कर प्रार्थना परिवार की खुशाली के लिय कर रहे है। सभी पंडित मंत्र उच्चारण के साथ अमित चावल में पूजन कर पोथी भागवत में अपनी उपस्थिति दिला रहे है आज तीसरे दिन जजमान अपने पूर्वजों की पूजा कर याद किया। पितृ पक्ष में चल रहे इस अनुष्ठान में विधिवत भागवत के मूल पाठ का पठन चौकी में विराजित पितृ की तस्वीर के समक्ष पूजा की जा रही है।

### बुजुर्गों का सम्मान, देश का सम्मान



छुरा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। एक अक्टूबर वृद्धजन दिवस के अवसर पर ग्राम गिधनी निवासी झारिया आरीण बाई ठाकुर कि 106 वर्ष की आयु का है उसकी जानकारी मिलती हुई। गरियाबंद जिला के इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी संरक्षक व समाजसेवी मनोज पटेल उनके निजी निवास पहुंचकर वृद्धजन को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया ।मनोज पटेल ने कहा कि वृध्दावस्था बहुधा बचपन का पुनरागमन है ।इस अवस्था में वृध्दजनों की देखभाल जरुरी हैं ।वृध्दजन माता-पिता के समान हैं ।वे अपने आप को अलग न समझें ।इस मौके पर प्रमुख रूप से चंवरसिंह ठाकुर, पुनितराम ठाकुर, गजेंद्र ठाकुर, योगेश ठाकुर, लक्ष्तीन बाई ठाकुर, गोमती बाई ठाकुर, मौजूद रहे।

### गांधी जयंती पर निकाली प्रभातफेरी



तिल्दा-नेवरा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। दो अक्टुबर की प्रात:छह बजे प्रयोग आश्रम प्रांगण से सात जिला के ग्रामीण मुखियाओं, पचास वनाधिकार और प्रबंधन कार्यशाला के प्रशिक्षार्थियों ने राष्टपिता महात्मा गाँधी जयंती के शुभ अवसर पर जय जगत पुकारे जा की गीत गाते नारा लगातें ग्रामीण विकास प्रतिष्ठान, ग्राम सासाहोली बस्ती में प्रभातफेरी की आयोजन किया तत्पश्चात साढ़े नव बजे दस बाजे तक प्रयोग आश्रम स्वराज भवन में राष्टपिता मोहनदास करमचंद गांधी जी की तस्वीर/ मूर्ती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चनाएं उपरांत उनके दिखाये सत्य अहिंसा और न्याय मार्ग पर चल विचारो को आत्मसाध्य करने भाव भक्ति मय वातावरण में एकता परिसर/प्रयोग आश्रम परिवार द्वारा सर्वधर्म प्रार्थणा सभा सम्पन्न हुआ।

### स्वच्छता कर्मचारियों का किया सम्मान



तिल्दा-नेवरा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर पालिका परिषद तिल्दा नेवरा मे स्वच्छता लीग 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता दीदीयों, सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छता कमाण्डों को प्रशस्ति पत्र देकर उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया जिसमे नगर पालिका अध्यक्ष लेमिक्षा गुरू डहरिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, अनीश ठाकुर, उप-अभियंता सचिन भागवत, एपीएम विवेक दिनकर, मिशन क्लीन सिटी उमेश कुमार कोसरिया, सफाई दरोगा गौतम सोनी, एवं समस्त नगर पलिका कर्मचारी सम्मान समारोह में उपस्थित रहें।

# रेशेदार पौष्टिक सब्जियों के नियमित सेवन से बनेगी सेहत: डा. साहू

## आरोग्य भारती परिवार ने मनाया सुपोषण जागरूकता पखवाड़ा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरा, 3 अक्टूबर। आरोग्य भारती छत्तीसगढ़ प्रांत द्वारा आश्रम शाला परसदा खुर्द में सुपोषण जागरूकता पखवाड़ा मनाया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं आरोग्य भारती परिवार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. ऐश्वर्य साहू, चिकित्सक डॉ. तरुण पटेल, मंडल संयोजक सतीश चंद्रवंशी, योगविद शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, आश्रम अधीक्षिका लेश्वरी ठाकुर ने मां शारदे एवं आरोग्य के देवता धन्वंतरि की पूजा अर्चना किया। डॉ. ऐश्वर्य साहू ने बच्चों को रेशेदार सब्जी, फल, सलाद को नियमित भोजन में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी, पसहर चावल जैसे मिलेट्स में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट, वसा, प्रोटीन, विटामिंस, मिनरल्स, जिंक, सल्फेट, माइक्रोन्यूट्रियंस भरपूर मात्रा में रहता है।मिलेट्स के उपयोग से प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। हमें सतरंगी सब्जी का नियमित सेवन करना चाहिए। उन्होंने भोजन में अंकुरित अनाज, सब्जियों के जूस, सेंधा नमक, नारियल पानी, दूध, दही, छाछ का उपयोग करने की सलाह दी। डॉ. तरुण पटेल ने मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। मंडल



संयोजक सतीश चंद्रवंशी ने बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तम स्वास्थ्य को आधार बताया। योगविद शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने संचालन करते हुए सुव्यवस्थित दिनचर्या का पाठ सिखाया। सिन्हा ने बच्चों को सुबह उठकर उषा पान, योग, व्यायाम, खाली पैर पैदल चलने, खानपान में संयम के फायदे बताएं। डॉ. तरुण पटेल, डॉक्टर ऐश्वर्य साहू ने सभी बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाई प्रदान किया। आयुर्वेदिक काढ़ा के नियमित सेवन हेतु क्काथ प्रदान किया। आश्रम अधीक्षिका लेश्वरी ठाकुर ने आरोग्य भारती के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए ज्ञानवर्धक, स्वास्थ्यवर्धक, उपयोगी जानकारी एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने भविष्य में भी योग एवं आरोग्य शिविर लगाने हेतु निवेदन किया। आरोग्य भारती परिवार द्वारा जगह-जगह जाकर लोगों को पौष्टिक भोजन द्वारा स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ ग्राम, स्वस्थ राष्ट्र निर्माण हेतु जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने स्वस्थ रहने के गुर सीखे।

# बैकोनी सरपंच को रायपुर आयुक्त से मिला स्टे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सिमगा, 3 अक्टूबर। सिमगा ब्लॉक के ग्राम बैकोनी के सरपंच गोपाल यदु के खिलाफ कुछ माह पूर्व पंचायत के राशि की हेराफेरी की भारती मिरी पंच एवं 09 अन्य ग्रामीण पंचायत बैकोनी के द्वारा शिकायत अनुविभागीय अधिकारी सिमगा एवं कलेक्टर बलौदाबाजार के पास किया गया था जंहा अधिवक्ता का तर्क एवं प्रकरण संलग्न दस्तावेजों को सूक्ष्मता से परीक्षण किया गया अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अनावेदक के विरुद्ध प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन जांच दल के कथन के अलावा प्रकरण में संलग्न अन्य दस्तावेजों के आधार पर यह पाया गया कि अनावेदक द्वारा बिना प्रस्ताव पारित किये राशि आहरण एवं व्यय किया गया है बिना निविदा एवं पंचायत प्रस्ताव के बिना सामाग्री क्रय कर राशि आहरण कर भुगतान किया जाना आर्थिक अनिमियता किये जाने एवं पदीय कर्तव्य निर्वहन के प्रति घोर उपेक्षा पाये जाने से छ.ग पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) प्रावधान के अनुसार गोपाल यदु को सरपंच पद से हटाने का आदेश 28 अप्रैल 2023 को पारित करते हुए आर्थिक अनिमियता की कुल राशि 14,01,666 रूपये अनावेदक से वसूली किये जाने हेतु आदेशित किया गया था इस आदेश के विरुद्ध सरपंच गोपाल यदु ने रायपुर आयुक्त के पास अपील किया गया था जहां शिकायतकर्ता के शिकायत के आधार पर जांच प्रतिवेदन में आरोपित आरोप प्रमाणित नहीं हुआ है चूंकि जांचकर्ता अधिकारी हरिशचंद साहू एवं दुर्गेश साहू ने प्रति परीक्षण में बताया कि शिकायत की जांच उनके द्वारा नहीं किया गया है शिकायतकर्ता गण के शिकायत के आधार पर ही जांच प्रतिवेदन तैयार किया गया है।

प्रकरण में उभय पक्ष अधिवक्ता को पंजीयन एवं स्थगन के बिंदु पर सुना गया पुनरीक्षण याचिका स्थगन आवेदन एवं उत्तर वादी के जवाब के साथ प्रकरण का अवलोकन किया गया अवलोकन पश्चात पाया गया कि पुनरीक्षणकर्ता लोकतांत्रिक विधि से निर्वाचित सरपंच है और अपने पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते आ रहा है तथा स्थापन्न सरपंच के निर्वाचन आदेश जारी होने मात्र से उसे विधि अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता तथा आदेश दिनांक 28 .4 . 2023 के विरुद्ध न्यायालय कलेक्टर बलौदा बाजार भाटापारा के न्यायालय में प्रकरण प्रचलित है जिसकी इस न्यायालय में प्रस्तुत पुनरीक्षण के संबंध में कलेक्टर बलौदाबाजार - भाटपारा और अनुविभागीय अधिकारी सिमगा के प्रकरण की परीक्षण की आवश्यकता होगी ऐसी स्थिति में पुनरीक्षण व उत्तर वादी अधिवक्ता को सुनने के बाद आवेदन में उल्लिखित तथ्यों के आधार पर न्याय के उद्देश्य सुविधा का संतुलन बनाए रखने हेतु प्रस्तुत पुनरीक्षण के परिपेक्ष में अधीनस्थ न्यायालय का अधिकार की प्राप्ति तक अनुभाग्य अधिकारी तिरंगा के प्रकरण क्रमांक 202209211000002 अ - 89 वर्ष 2021- 22 में पारित आदेश दिनांक 28 अप्रैल की क्रियान्वयन को आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है।

# मांवली माता मंदिर से निकाली गई कांग्रेस की विसस्तरीय भरोसा यात्रा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 3 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के आदेशानुसार विधानसभा स्तरीय कांग्रेस भरोसा यात्रा का आयोजन आज मावली माता मंदिर ग्राम सिंगारपुर से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर द्वारा झंडा दिखाकर के शुभारंभ किया गया यात्रा कडर, दतरेंगी, भाटापारा, तरेंगा, लिमतरा होते हुए दामाखेड़ा में समापन हुआ, यात्रा भाजपा के 15 साल बनाम कांग्रेस के 5 साल के कार्यो पर आधारित है, कांग्रेस ने जो कहा वो किया, भूपेश बघेल सरकार ने राजीव गांधी, न्याय योजना, बिजली बिल हाफ योजना, कर्ज माफी, भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता, 7 की जगह 67 लघु वनोपजों की खरीदी, तेंदूपत्ता मानकों को 4000 प्रति मानक बोरा, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना, 10, 000 गौठान का निर्माण, गोबर व गोमूत्र खरीदी, जैसी अनेक योजनाओं से जनता का भरोसा जीत लिया है, इसीलिए भरोसा यात्रा द्वारा अनेक जनकल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी रही है। यात्रा प्रभारी प्रमोद तिवारी, रायपुर लोकसभा के प्रभारी अशोक आहूजा, छाया विधायक सुनील महेश्वरी, सेवा दल प्रदेश अध्यक्ष अरुण ताम्रकार, किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रामविलास साहू, मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, निगम सदस्य सतीश अग्रवाल, आयोग सदस्य गणेश सिंह ध्रुव, पूर्व विधायक चैतराम साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, अमर मंडावी, के के नायक, कर्मकार मंडल सदस्य आलोक मिश्रा, पूर्व जनपद अध्यक्ष अमित शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि परमेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यदु, सिमगा जनपद उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल, सिमगा नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, जिला उपाध्यक्ष अशोक ध्रुव आदि उपस्थित थे।

# अनिल भृगु मयूर क्लब के अध्यक्ष, सचिव रविन्द्र जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 3 अक्टूबर। विगत दिवस स्थानीय मयूर क्लब समिति का साधारण सभा बैठक आयोजित की गई जिसमें सत्र 23- 24 हेतु नए पदाधिकारी का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अनिल कुमार भृगु को अध्यक्ष, रविंद्र जैन को सचिव, अखिलेश जिंदाणी कोषाध्यक्ष तथा नारायण प्रसाद भुषाणिया को उपाध्यक्ष, रामरतन मूंदड़ा को सहसचिव पद हेतु चुना गया तथा कार्यकारिणी में शिवरतन शर्मा, श्रवण अग्रवाल, गिरधर दास मुंधड़ा व उमाशंकर अग्रवाल चुने गए। उक्त संबंध में सचिव रविंद्र जैन ने बताया कि निवृत्तमान अध्यक्ष श्रवण कुमार अग्रवाल के निर्वाचन अधिकारी के रूप में बैठक में उपस्थित वरिष्ठ सदस्य उमाशंकर अग्रवाल, अखिलेश जिंदाणी, गिरधर दास मुंधड़ा, रामरतन मूंदड़ा, अनिल भृगु, रविंद्र जैन, नारायण प्रसाद भुषाणिया व अन्य सदस्यों की उपस्थिति में निर्वाचन संपन्न हुआ।



सभी उपस्थित सदस्यों ने चयनित पदाधिकारी को बधाई देते हुए मयूर क्लब द्वारा संचालित समाजसेवी शिक्षण संस्थाओं का संचालन व अन्य जनहित कार्य कार्यक्रमों के संचालन में पूर्ववत सहयोग प्रदान करने व उनके कार्य क्षेत्र को विस्तार देने हेतु हरसंभव मदद देने की बात कही। मयूर क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल कुमार भृगु ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सेवा सद्भाव व आम जनता के हित में नि:स्वार्थ सेवा भाव के उद्देश्य से सन 1976 में प्रारंभ की गई जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे भी निरंतर जारी रखने के साथ ही समिति द्वारा संचालित विद्यालय को न्यूनतम शुल्क पर और भी अधिक सुविधाजनक प्रतिस्पर्धात्मक उच्च स्तरीय शिक्षा व शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने की बात कही।

## समाचार संक्षेप

### राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज के भवन निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



सिमगा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कोटवार भवन सिमगा के समीप राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज के भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया था विधायक शिवरतन शर्मा द्वारा प्रदत्त साढ़े छह लाख रुपए की राशि से बनने वाले राजपूत क्षत्रिय चौहान समाज रायपुर राज के चौहान समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह चौहान सचिव दिलीप सिंह चौहान कोषाध्यक्ष फलेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। गजेंद्र सिंह अध्यक्ष ने कहा कि हमारी मांग पर विधायक शर्मा द्वारा राजपूत क्षत्रिय समाज के भवन हेतु 6 :30 लाख रुपया प्रदान करने के लिए उनका हम आभार मानते हैं। भूमि पूजन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक रूपेंद्र सिंह चौहान उपाध्यक्ष परस सिंह चौहान सहसचिव राकेश सिंह चौहान सलाहकार मंत्री मोहन सिंह चौहान संगठन मंत्री मोहन सिंह चौहान प्रचार मंत्री बुद्धेश्वर सिंह चौहान भोला सिंह सोण्डरा लाखेश्वर सिंह चौहान भागवत सिंह रमा सिंह सहित समाज के लोग उपस्थित थे।

### रायपुर ग्रामीण के सभी विस में निकाली कांग्रेस भरोसा- यात्रा



तिल्दा-नेवरा, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भरोसा यात्रा पूरे जिला रायपुर के सभी विधानसभा में हुआ सम्पन्न जिला कांग्रेस रायपुर के सभी विधानसभा में सुबह प्रारंभ हुआ अभनपुर विधानसभा में नयापारा से अभनपुर में समापन हुआ, आरंग में चदखुरी माता कौशील्या से प्रारंभ कर आरंग में समापन हुआ धरसीवां में शिव मंदिर चरोदा से खरोरा ब्लॉक के कोदवा में समापन हुआ रायपुर ग्रामीण में रावाभाठा से सेजबहार तक, बलोदाबाजार विधानसभा में सोमनाथ से प्रारंभ हुआ, आरंग में डॉक्टर शिव डहरिया मंत्री, अभनपुर में वरिष्ठ विधायक धनेंद्र साहू, रायपुर ग्रामीण में सत्यनारायण शर्मा, धरसीवां में अनिता शर्मा विधायक, उधो राम वर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष धरसीवां, बलोदाबाजर, रायपुर ग्रामीण विधानसभा में सम्मिलित हुआ धरसीवां विधानसभा में शिव मंदिर से प्रारंभ कर लगातार चरोदा, धरसीवां, तिवरैया, कपसदा, कुथरेल, मालौद, कुरूद सिलयारी, होते हुए कोदवा में समापन हुआ धरसीवां के भरोसा यात्रा में आमलोग, कांग्रेसजन जोश और उत्साह से समलीत हुआ 500मोटर सायकल में सैकड़ों वाहन यात्रा में समलित हुआ जगह जगह नुक्कड़ सभा हुआ धरसीवा के यात्रा में उधो राम वर्मा जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूरे यात्रा में समलित हुआ कार्यक्रम में चंद्रशेखर शुक्ला महामंत्री, चोवा राम वर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, दुर्गेश वर्मा, सौरभ मिश्रा, अंकित, भावेश बघेल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### भीम आर्मी ने फूंका सीएम बघेल व शकुंतला साहू का पुतला



कसडोल, 3 अक्टूबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भीम आर्मी भारत एकता मिशन ब्लॉक कसडोल में ब्लॉक अध्यक्ष समीर घृतलहरे के नेतृत्व में 30सितंबर 2023 को 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू का पुतला दहन किया गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष राजेंद्र घृतलहरे जिला कार्य सदस्य राहुल दिव्य भीम रात्रे, रुस्तम पुरैना, गोविंद भारद्वाज शामिल हुए। कसडोल ब्लॉक के सभी साथियों ने मिल कर पुतला दहन कार्यक्रम को सफल बनाया। जिसमे जगदीश बंजारे, रामरतन बंजारे, ओंकार बंजारे, रूपलाल बंजारे, प्रदीप कुमार, अभय भारती, निक्कू कुमार, आशीष बंजारे, साहिल बंजारे, सोम घृतलहरे, राहुल बंजारे, रोमी काटले, लक्की काटले, विष्णु बघेल, रवि कुमार यशवंत भारद्वाज, अर्जुन भारद्वाज, ज्ञान दास मानिकपुरी, आदि शामिल हुए। भीम आर्मी की प्रमुख मांग क्षेत्रीय विधायक शकुंतला साहू द्वारा एस.सी (अनुसूचित) वर्ग के लोगों पर बार-बार जातिवाद करना बंद करे। छत्तीसगढ़ के रायपुर की घटना के बलात्कारियों को फांसी देने की मांग। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी को लेकर झूठा वादा करना। छत्तीसगढ़ में हमारे मां एवं बहनों के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने में छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामी।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्रं. ..................
अ/6 वर्ष 2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक रेख लाल डोंगरे पिता हीरालाल डोंगरे जाति महार निवासी वार्ड नं. 09 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि नजूल शहर गणेश वार्ड नं. 10 डोंगरगढ़ में शीट क्रमांक 07 भूखण्ड क्रमांक 2294/2 क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट भूमि मय मकान स्थित है। उक्त भूमि मय मकान को पंजीकृत दान पत्र के माध्यम से दिनांक 26/07/2023 को अनावेदक द्वारा आवेदक (जो कि अनावेदक के पुत्र है) को दान किया गया है। उक्त भूमि मय मकान का नामान्तरण करवाना चाहता है। अतः नजूल शहर स्थित उपरोक्त भूमि मय मकान से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम से प्रमाणीकरण कर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत बैनामा की छायाप्रति, एवं तलवाना पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 16/10/2023 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
एवं नजूल अधिकारी
डोंगरगढ़ (छ.ग )


# निर्मल हृदय से कथा सुनने जाएं : ललित वल्लभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 3 अक्टूबर। तिल्दा नेवरा सिंनोधा रोड़ अमित चावल उद्योग परिसर में चल रहे में चल रहे अष्टोत्तर सहस्त्र श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस धाम वृंदावन के प्रख्यात भागवत प्रवक्ता हित ललित वल्लभ जी महाराज ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की विशेष कृपा है जिस वजह से आप भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं महाराज ने कहा कि भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं कुछ सीखना चाहते हैं तो कथा में कथा के प्यासे बनकर आए अपने हृदय को रिक्त रखें तभी कथा हृदय पटल पर उतरेगी प्रभु तो सत्य और सर्वेश्वर हैं जो सृष्टि की रचना करते हैं पालन करते हैं और समय-समय पर संहार भी करते हैं, लेकिन आज मानव भगवान की भक्ति छोड़कर विषय वस्तु को भोगने में लगा है परंतु मानव जीवन का उद्देश्य भगवान कृष्ण की प्राप्ति होना चाहिए। आगे बताया कि जब द्रोपति का चीर दुशासन ने खींचा तब द्रोपति ने अपने बल बुद्धि से अपने आप को बचाने की बहुत कोशिश की अंत में भगवान कृष्ण को याद किया तब भगवान कृष्ण वस्त्र अवतार लेकर प्रकट हो गए और द्रोपदी की लाज बचाई, आगे बताया पांडवों का स्वर्गारोहण व परीक्षित जन्म की कथा श्रवण कराते हुए बताया की परीक्षित का राज्य अभिषेक होने के बाद एक दिन परीक्षित ने अपने कोष से एक मुकुट मंगवा कर अपने मस्तक पर धारण किया वह मुकुट जरासंध का था पाप की कमाई मैं कलयुग का वास है इस मुकुट के कारण धर्म श्रेष्ठ राजा परीक्षित के मन में शिकार करने की इच्छा प्रगट हुई और वह शिकार करने वन में चले गए काफी दूर पहुंचने पर उन्हें प्यास लगी वह समीक मुनि के आश्रम में गए समिक मुनि ध्यान मग्न थे जिससे वह राजा का सत्कार नहीं कर पाए जिस कारण राजा परीक्षित ने क्रोधित हो उनके गले में एक मृत सर्प को डाल दिया शमीक मुनि के बालक श्रृंगी को जब पता चला तो उसने श्राप दे दिया की जिसने मेरे पिता के गले में सर्प डाला है आज से सातवें दिन तक्षक सर्प के डसने से उसकी मृत्यु हो जाएगी।



### वृंदावन बना तिल्दा नेवरा

इस वक्त पूरे नगर में राधे राधे गूंज रहा है नगर की हर गली में पंडित ही पंडित दिखाई दे रहे है करीब पांच सो लोग बाहर से इस आयोजन में सामिल हुए है धर्म मय वातावरण में पितृ पक्ष में राधे राधे बोल रहे है ऐसा लगता है मथुरा वृंदावन तिल्दा नेवरा बन गया।

## निशक्त , वृद्धजन, रोगी व्यक्तियों के लिए संचालित होगी नि:शुल्क सेवा

# मयूर क्लब ने रेलवे स्टेशन में शुरू किया बैटरी वाहन संचालन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 3 अक्टूबर। स्थानीय समाज सेवी संस्था मयूर क्लब भाटापारा द्वारा 2 अक्टूबर गांधी जी व शास्त्री जी की जयंती की पावन पर्व पर साथ ही समिति के स्थापना दिवस के अवसर पर रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में निशक्त/ वृद्ध व रोगी व्यक्तियों के लिए निशुल्क बैटरी वाहन का संचालन जो कोरोना कल से अनुरुध्द था का पुनः संचालन विधायक शिवरतन शर्मा एवं स्टेशन मास्टर अजय राव, केशव यदु, अध्यक्ष अनिल भृगु सचिव रविंद्र जैन व मयूर क्लब परिवार के वरिष्ठ सदस्य गिरधर दास मुंधड़ा राम रतन मुंधड़ा नारायण भूषणिया, श्रवण कुमार अग्रवाल, उमा शंकर

अग्रवाल, अखिलेश जिंदाणी, पवन अग्रवाल एवं परिवार, स्व. बिहारी लाल अग्रवाल की स्मृति में प्रदत बैटरी वाहन अग्रवाल परिवार के उपस्थित में विधिवत प्रारंभ किया गया। रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म में उपस्थित यात्री गणों को फल व बिस्कुट का वितरण किया गया पश्चात नगर के सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों को फल ब्रेड व बिस्किट का



वितरण किया गया जिसमें मयूर परिवार के सम्मानित सदस्यो, नगर जन समिति द्वारा संचालित विद्यालय में शिशु मंदिर उत्तर मध्य विद्यालय के समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित रहकर अपनी सेवा देते रहे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने समिति की सेवा सद्भाव कार्य की सराहना की व उक्त कार्य में आवश्यक सहयोग प्रदान करने की बात कही, सचिव रविंद्र जैन ने बताया कि समिति द्वारा समय-समय पर जनहित में अनेकों कार्य निशुल्क आयोजित करते आ रही है वह भविष्य में भी जनहित में अनेकों कार्य का संचालन निशुल्क निस्वार्थ रूप से करेगी। स्टेशन परिसर में गाड़ी की व्यवस्था से नगर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं उक्त सेवा से नगर के प्रबुद्ध जन ने सराहना की वह समिति को धन्यवाद दिया।

## एक नजर

### नशीली टेबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** आमानाका पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार आमानाका पुलिस ने छठ तालाब के पास हीरापुर में नशीली टेबलेट के साथ आरोपी कुलविंदर सिंह 39 वर्ष व निशान सिंह 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हेरोईन चिटटा वजनी 60 ग्राम एवं अल्फा जोलम नशील टेबलेट 150 नग, लोमेटील टेबलेट 420 नग कीमती 6 लाख 30 हजार 900 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गणेश विसर्जन के दौरान युवक को पीटा

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** गणेश विसर्जन के दौरान डांस करने से मना करने पर चार युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कृष्ण यादव 27 वर्ष ज्योतिनगर कोटा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने मोहल्ले के गणेश विसर्जन में जा रहा था। तभी डीजे में आरोपी उमेश क्षत्रि अपने अन्य 3 साथियों के साथ आकर डांस करने लगे। जिसे प्रार्थी ने मना किया तो आरोपियों ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया।

### ड्रायविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर ठगी

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** ड्रायविंग लाइसेंस बनवाने के नाम पर कई लोगों से धोखाधड़ी कर पैसा आहरण कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी राजेश शर्मा 48 वर्ष अवंति एलीगेंस कचना का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी ऋषभ बोथरा ने प्रार्थी व अन्य लोगों से ड्रायविंग लाइसेंस बनाने के नाम पर नकदी 24600 रुपए व ऑनलाइन रकम लेकर फर्जी लायसेंस बनाकर दे दिया।

### अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 पाव देशी शराब, 32 पाव अंग्रेजी शराब व 4 बॉटल अंग्रेजी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गंज पुलिस ने सुदेश होटल के सामने अवैध शराब के साथ आरोपी सत्या सोना 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### उद्‌घाटन के साथ ही नगरनार स्टील प्लांट पर सियासत शुरू

# सीएम भूपेश ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

### कहा- प्रधानमंत्री जी! आप हार जाएंगे तो नगरनार प्लांट को निजी हाथों को सौंप देंगे?



**रायपुर, 3 अक्टूबर।** बस्तर में स्थित नगरनार स्टील प्लांट (एनएमडीसी) को मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता के नाम कर दिया. अब उद्घाटन के साथ ही इस पर सियासत भी शुरू हो गयी है. सीएम भूपेश बघेल ने पीएम मोदी पर तंज कसा है. उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र सरकार पर निशाना साधा है।

सीएम बघेल ने ट्वीट करते हुए कहा कि- नगरनार बचाओ! प्रधानमंत्री जी! आखिर क्या गलती है बस्तर की जनता की? यह कि उन्होंने सभी 12 विधानसभा सीटों और बस्तर लोकसभा में कांग्रेस को क्यों चुना? आप हार जाएंगे तो उनका नगरनार प्लांट (एनएमडीसी) निजी हाथों को सौंप देंगे? राज्य सरकार खरीदना चाह रही है, हमें क्यों नहीं दे रहे हैं आप?

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बस्तर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की जनता को नगरनार स्टील प्लांट के साथ-साथ करोड़ों रुपए की योजनाओं का सौगात दी। लालबाग मैदान में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने राजधानी रायपुर से जगदलपुर से चलने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कांकेर जिले के ताड़ोकी क्षेत्र के आदिवासी भाई-बहनों की आर्थिक समृद्धि का रास्ता खुला है. ट्रेन के जरिए ताड़ोकी क्षेत्र के तमाम ग्रामीणों के साथ पूर्व विधायक भोजराज नाग भी रवाना हुए।

### अजय चंद्राकर के आरोप पर सुशील आनंद का पलटवार



नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण को लेकर भाजपा नेता अजय चंद्राकर के बयान पर कांग्रेस ने पलटवार किया है. इस मामले में कांग्रेस नेता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा नगरनार को बेचने का षड्यंत्र कर रही है. अगर ऐसा नहीं तो पीएम मोदी मंच से बोल दें कि निजीकरण नहीं हो रहा है। कांग्रेस संचार विभाग प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि नगरनार स्टील प्लांट के निजीकरण के लिए केंद्र ने कार्यक्रम घोषित किया है. इसके निरीक्षण के लिए टीम भी आ चुकी हैं. क्या वे सपने में निरीक्षण कर रहे. उन्होंने कहा कि भाजपा लगभग कोमा की स्थिति में है. प्रधानमंत्री मोदी कोमा में पहुंची भाजपा को झूठ का फूंक मारकर जगाने की कोशिश करते हैं. वे कार्यकाल के अंतिम वर्ष में हैं, छत्तीसगढ़ को कुछ देकर जाएं। अजय चंद्राकर के बयान 'हमारे पीछे चल रही कांग्रेस' पर सुशील आनंद ने कहा कि भाजपा अगर ऐसा सोच रही तो उन्हें इस बात पर मुगालता मुबारक. हम लोगों के दिलों में हैं, हमारी योजनाओं से जनता खुश है. वहीं सीईओ की तरह काम करते हैं खरगे वाले पर सुशील आनंद ने कहा कि अजय चंद्राकर के अंदर ज्ञान का अजीर्ण है. वे बहकी-बहकी बातें करते हैं. लोग उनकी बातों को हास्यास्पद तरीके से लेते हैं। भाजपा के दूरबीन लेकर प्रदर्शन करने के सवाल पर कांग्रेस संचार प्रमुख ने कहा कि भाजपा आंखें खोलकर देखें तो उन्हें छत्तीसगढ़ का विकास दिखेगा. भाजपा के कार्यकाल में कुशासन और भ्रष्टाचार ही था. कमीशनखोरी के लिए उन्होंने स्काई वॉक और नई राजधानी बनाई थी।

## मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पश्चात ही लगेगी आचार संहिता

- छपाई में लगेगा 10 दिन से अधिक का समय, चुनाव कराने के लिए आयोग दे रहा दिशा-निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सामग्री सहित अन्य तैयारियां की जा रही है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होने के बाद इसके प्रकाशन में करीब 10 दिन से अधिक समय लगेगा। इसके पश्चात ही आचार संहिता लगाई जाएगी।

भारत निर्वाचन आयोग निरंतर छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने के लिए दिशा-निर्देश दे रहा है। 4 अक्टूबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। एक अनुमान के अनुसार 8 लाख नए मतदाता बनाए गए हैं जो आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करेंगे। आयोग के अनुसार पूरे जिले में नए मतदाताओं के नाम का प्रकाशन किया जाएगा। इसके लिए 10 दिन का समय लगेगा। वर्तमान में चुनाव के लिए प्रचार सामग्री खरीदी जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों तथा दिव्यांगजनों, चुनाव में लगे अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों को मतदान डाक से करने की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए लिफाफा दिया जाएगा। आयोग द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को इसके लिए दिशा-निर्देश दिया गया है। आयोग के अनुसार इस पूरे कार्य में अभी समय लगेगा।

**चुनाव खर्च की सीमा तय नहीं:** चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों को कितना खर्च करना है इसके लिए कोई सीमा तय नहीं हुई है। आयोग के अनुसार जनसंख्या के अनुपात में खर्च की सीमा तय होगी। आयोग के निर्देश पर शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए सभी एजेंसियों को सक्रिय किया गया है। वर्तमान में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में हेलीकाप्टर सेवा एवं निर्वाचन अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मतदान का समय शीघ्र तय कर लिया जाएगा।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लिखा ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** रायपुर-जगदलपुर-हैदराबाद एयर रूट पर विमान सेवा के लिए अलायंस एयर से अनुबंध की अवधि बढ़ाने तथा बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के प्रमुख शहरों में विमान सेवा आरंभ करने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने बंद किये गये बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा पुनः आरंभ किये जाने का अनुरोध भी किया है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि जगदलपुर विमान सेवा के चलते बस्तर को देश के पर्यटन नक्शे में आने का मौका मिला है और बस्तर की संस्कृति राष्ट्रीय पटल पर उभरी है। बिलासपुर से भी नागरिक सुविधाओं को देखते हुए प्रमुख शहरों से विमान सेवाएं आरंभ किये जाने की जरूरत है। पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा है कि देश के आम आदमी को सस्ती हवाई सेवा का लाभ दिलाने के लिये सरकार द्वारा प्रारम्भ की गयी रिजनल कनेक्टिविटी योजनांतर्गत छत्तीसगढ़ में जगदलपुर व बिलासपुर एयरपोर्ट से घरेलू विमान सेवा प्रारम्भ होने से प्रदेश की जनता को सस्ती घरेलू विमान सुविधा उपलब्ध हुआ है। योजनांतर्गत विमान सेवाओं के संचालन हेतु एयरपोर्ट के विकास सहित आरसीएस विमान सेवाओं के लिये निर्धारित वायबीलिटी गॅप फण्डिंग के समयबद्ध भुगतान की जिम्मेदारियों का निर्वहन राज्य शासन द्वारा प्रतिबद्ध रूप से किया जा रहा है।

# नेताओं ने किया अपना प्रचार शुरू

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)





- बृजमोहन वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह के बहाने कर रहे प्रचार
- विकास उपाध्याय गिना रहे अपनी उपलब्धियां

**रायपुर, 3 अक्टूबर।** चुनाव को लेकर अब सभी संभावित उम्मीदवारों ने चुनाव प्रचार प्रारंभ कर दिया है। दक्षिण से भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह के बहाने प्रत्येक बूथ में अपनी पकड़ मजबूत बनानी शुरू कर दी है। कांग्रेस की भरोसा यात्रा के बहाने संभावित उम्मीदवार मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं।

राजधानी में चार विधानसभा क्षेत्र आते हैं। यहां पर कांग्रेस व भाजपा ने अभी तक अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। दक्षिण से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल की टिकिट पक्की मानी जा रही है। जिसके चलते अब वे 265 बूथ में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान समारोह आयोजित कर लोगों से मिल रहे हैं। उनके कार्यकर्ता ओडिशा तथा अन्य राज्यों से यहां पहुंच रहे हैं। पश्चिम के कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय की भी टिकिट पक्की है इसलिए वे भी अब घर-घर दस्तक दे रहे हैं। अपनी टीम के साथ अपने कार्यों का विवरण दे रहे हैं। कांग्रेस की भरोसा यात्रा अलग-अलग स्थानों से निकल रही है। वर्तमान में रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा भी अपने समर्थकों के साथ दौरा कर रहे हैं। भाजपा ने अभी तक कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है लेकिन रायपुर उत्तर से पुरंदर मिश्रा का नाम आने से खलबली मची हुई है। वहीं ग्रामीण से मोतीलाल साहू को टिकिट देने पर कार्यकर्ता नाराज हैं।

**कांग्रेस की टिकिट दिल्ली में तय होगी:** कांग्रेस प्रत्याशियों की टिकिट अभी तक अंतिम रूप से तय नहीं हुई है। केंद्रीय चुनाव समिति में इसका अंतिम निर्णय होगा। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य हैं। इसलिए उनके निवास में इस समय महत्वाकांक्षी नेताओं की भीड़ लगी हुई है। जगह-जगह वाल राइटिंग की जा रही है। इसके अलावा फ्लैक्स भी लगाए जा रहे हैं।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23